Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25
www.dainikvishwapariwar.com
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 73 ● वर्ष : 14 ● रायपुर, शनिवार 19 सितम्बर 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



परिश्रम के द्वारा मंजिल तब प्राप्त होती है, जब अपना ध्यान मजबूत होता है।

Hand work begets us the destination only when we have determined meditation.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## भविष्य के उद्योगों का नया केंद्र बनने की ओर अग्रसर छत्तीसगढ़ : मुख्यमंत्री साय

- नए दौर की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार हो रहा छत्तीसगढ़, भविष्य के उद्योगों पर हमारा फोकस : मुख्यमंत्री



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर-2026' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों से आए उद्यमियों, निवेशकों और औद्योगिक प्रतिनिधियों का छत्तीसगढ़ की धरती पर स्वागत करते हुए उन्हें प्रदेश की विकास यात्रा में सहभागी बनने और यहां उपलब्ध निवेश की व्यापक संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज अपनी पारंपरिक औद्योगिक ताकत के साथ नई अर्थव्यवस्था और उभरते उद्योगों की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। खनिज, ऊर्जा, वन संपदा, पर्याप्त मानव संसाधन और देश के मध्य में अनुकूल भौगोलिक स्थिति हमारी स्वाभाविक ताकत है। राज्य सरकार इन खूबियों को आधुनिक तकनीक, बेहतर अधोसंरचना और निवेशक हितैषी नीतियों से जोड़कर छत्तीसगढ़ को देश के प्रमुख औद्योगिक एवं निवेश गंतव्यों में स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की भूमिका केवल उद्योगों के लिए नियामक की नहीं है। हम सरकार को उद्योग और निवेश की राह आसान करने वाले सहयोगी और 'एक्सीलरेटर' के रूप में विकसित कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि निवेश का प्रस्ताव आने से लेकर उद्योग के धरातल पर स्थापित होने तक हर चरण में निवेशकों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध व्यवस्था मिले।

मुख्यमंत्री ने लघु उद्योग भारती द्वारा राष्ट्रीय स्तर के इस महत्वपूर्ण औद्योगिक आयोजन के लिए रायपुर का चयन किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं। बड़े उद्योगों के साथ एमएसएमई का विस्तार होने से स्थानीय स्तर पर उद्यमिता बढ़ती है, रोजगार के अवसर पैदा होते हैं और आर्थिक गतिविधियों का लाभ समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु उद्योग भारती देशभर के 750 से अधिक जिलों में उद्यमियों को संगठित कर उद्योग और उद्यमिता को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ के 25 जिलों में भी 1200 से अधिक लघु एवं मध्यम उद्योग संगठन से जुड़े हैं। 18 से 20 सितम्बर तक आयोजित इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर में देशभर के 300 से अधिक एमएसएमई उद्यमियों की भागीदारी इस आयोजन के महत्व को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह औद्योगिक मेला केवल उत्पादों और तकनीकों की प्रदर्शनी नहीं है।

### नई औद्योगिक नीति से निवेश को मिली नई गति

**मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने उद्योग जगत, निवेशकों और विभिन्न हितधारकों से व्यापक विचार-विमर्श के बाद औद्योगिक विकास नीति 2024-30 लागू की है। इस नीति का उद्देश्य केवल निवेश आकर्षित करना नहीं, बल्कि ऐसा औद्योगिक इकोसिस्टम तैयार करना है, जिसमें निवेश, उत्पादन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था एक साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि नई औद्योगिक नीति में प्रक्रियाओं के सरलीकरण, निवेशकों को प्रोत्साहन, नए एवं उभरते सेक्टरों को बढ़ावा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार सृजन को विशेष प्राथमिकता दी गई है। नीति लागू होने के बाद प्रदेश को बड़े पैमाने पर निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और प्रसन्नता की बात है कि अनेक परियोजनाओं पर धरातल पर काम भी प्रारंभ हो चुका है।**

## बिल्डर्स व जनप्रतिनिधि मिलकर संकल्प लें, तो रायपुर बनेगा सबसे सुंदर व स्वच्छ शहर : मूणत

- नगर निगम, रायपुर क्रेडाई बिल्डर्स को हर संभव सहयोग करने के लिए तैयार : महापौर
- क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो 2026 का हुआ भव्य आगाज



**रायपुर (विश्व परिवार)।** बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार शाम तीन दिवसीय 'क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो 2026' का भव्य आगाज हुआ। इस एक्सपो में एक ही मंच पर छत्तीसगढ़ के 50 बिल्डरों का समूह अपने 250 से अधिक प्रोजेक्ट्स के साथ शुक्रवार से रविवार (20 सितंबर) तक मौजूद रहेगा। यह साल का सबसे बड़ा प्रॉपर्टी फेयर है, जहां प्रॉपर्टी खरीदने की चाह रखने वालों को उनके बजट के अनुरूप हर तरह की प्रॉपर्टी मिल रही है। एक्सपो के पहले दिन पहुंचे लोगों ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि उन्हें बुकिंग कराने पर रजिस्ट्री और स्टाम्प ड्यूटी में 50 फीसदी की भारी छूट मिल रही है। पहले दिन फ्लैट, बंगला, मकान, विला, प्लॉट और कमर्शियल स्पेस सहित सभी सेगमेंट में जबर्दस्त बुकिंग हुई।

### दीप प्रज्वलन से हुई शुरुआत

क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो की शुरुआत भारतीय संस्कृति और परंपरा के अनुरूप दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात क्रेडाई के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। उद्घाटन समारोह में पूर्व मंत्री व विधायक श्री राजेश मूणत मुख्य अतिथि के रूप में, जबकि विधायक श्री सुनील सोनी और महापौर श्रीमती मीनल चौबे विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

स्वागत भाषण में पंकज लाहोटी ने कहा कि यह क्रेडाई का सातवां संस्करण (एडिशन) है। रायपुर और छत्तीसगढ़ ने हमें इतना कुछ दिया है कि हमारे लिए आज का यह दिन बेहद विशेष है, जब क्रेडाई का प्रॉपर्टी एक्सपो शुरू हो रहा है। अपने सेलिब्रेशन की इस कड़ी में, अगले तीन दिनों तक हमारा प्रयास रहेगा कि यह केवल एक एक्सपो तक सीमित न रहे, बल्कि लोगों को एक सुनहरे भविष्य से जुड़ने का अवसर मिले। यह एक्सपो अपने सफल आयोजन से एक नई पहचान बनाएगा। हमें गर्व है कि हम रायपुरवासी हैं।

महापौर मीनल चौबे ने कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका अपना एक घर हो, और आप सभी बिल्डर इस एक्सपो के माध्यम से लोगों के इस सपने को पूरा कर रहे हैं। जहां आप सभी बिल्डरों का काम समाप्त होता है, वहां से हमारा काम शुरू होता है। घर की चारदीवारी के अंदर की सुविधाएं आप देते हैं, लेकिन बाहरी ढांचा और व्यवस्थाएं नगर निगम पूरी करता है, क्योंकि यह जिम्मेदारी शहरी सरकार की होती है। बड़े शहरों में मकान बनाने के लिए अप्रूवल मिलने में काफी समय लगता है, लेकिन रायपुर नगर निगम में बिल्डरों को बहुत जल्द अप्रूवल मिल जाता है। यदि बिल्डरों को कुछ चीजों में दिक्कतें आती हैं, तो नगर निगम उन्हें सुलझाने के लिए आमंत्रित करता है, ताकि रायपुर की जनता को सस्ता और अच्छा मकान मिल सके। विकसित रायपुर के निर्माण के लिए नगर निगम हर संभव सहयोग करने के लिए तैयार है।

समारोह के मुख्य अतिथि, पूर्व मंत्री व विधायक श्री राजेश मूणत ने कहा कि पहले मैं भी एक बिल्डर था, तब बिल्डरों की बात करता था; अब जनप्रतिनिधि हूं, तो जनता और सरकार की बात करता हूं। कल और आज का रायपुर कैसा है, यह किसी भी बिल्डर से छिपा नहीं है। अगर रायपुर को करीब से जानना है, तो दलदल सिवनी के उस पार का हिस्सा, कमल विहार और बीरगांव को देखना होगा। रायपुर के भौगोलिक क्षेत्र को देखें, तो एक तरफ इंडस्ट्रीज हैं और दूसरी तरफ एजुकेशन हब है। शहर के बीच का हिस्सा काफी कंजस्टेड (घना) हो गया है, इसलिए अब प्रोजेक्ट्स का 75 प्रतिशत काम खम्हारडीह की ओर चल रहा है, जहां दलदल सिवनी, आमासिवनी और कचना में तेजी से मकानों का निर्माण हो रहा है। जहां जितना विकास होता है, वहां उतनी ही समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं, लेकिन समस्या के साथ-साथ समाधान भी आपस में ही मिल जाता है; बस उसे समझने की जरूरत है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20वें रोजगार मेले में युवाओं से होंगे रूबरू





**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 19 सितंबर 2026 को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 20वें रोजगार मेले से जुड़ेंगे। इस अवसर पर वे देशभर के विभिन्न सरकारी विभागों एवं संगठनों में नव नियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे तथा चयनित अभ्यर्थियों को संबोधित करेंगे। रायपुर में 20वें रोजगार मेले का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार, साइंस कॉलेज परिसर, जी.ई. रोड में किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, श्री तोखन साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से 125 अभ्यर्थी प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## रेलवे दोहरीकरण के लिए 497 करोड़ रुपये लागत की मंजूरी




**रायपुर।** रेलवे ने महाराष्ट्र में रेल क्षमता बढ़ाने और रेल संचालन में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, 497 करोड़ रुपये की लागत से मध्य रेलवे के चौक-कर्जत रेलवे खंड (10.86 किमी) के दोहरीकरण को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना रेलवे नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से दोहरीकरण, तिहरीकरण, चौगुनीकरण, फ्लाईओवर और बाईपास कार्यों के अंतर्गत स्वीकृत की गई है।

चौक-कर्जत खंड पनवेल-चौक-कर्जत मार्ग का हिस्सा है, जो यात्री और माल ढुलाई दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण गलियारा है। इस खंड को दोहरीकरण करने से मौजूदा एकल-लाइन खंड पर अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध होगी और ट्रेनों की आवाजाही में सुधार होगा।

परियोजना पूरी होने पर, इस खंड से प्रतिदिन दोनों दिशाओं में पांच अतिरिक्त यात्री ट्रेनों के चलने की उम्मीद है। इस परियोजना से प्रति वर्ष 18.35 मिलियन टन (एमटीपीए) अतिरिक्त माल ढुलाई यातायात की उम्मीद है। इससे मालगाड़ियों के विलंब को कम करने में भी मदद मिलेगी।

चौक-कर्जत खंड का दोहरीकरण भारतीय रेलवे द्वारा रेलवे अवसंरचना को सुदृढ़ करने, क्षमता बढ़ाने और यात्री एवं माल ढुलाई में सुधार करने पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाता है।






# सूरजपुर जिला में 4 लाख 11 हजार 111 दिये से जगमग हुआ शहर कस्बा नगर ग्राम

## विकसित भारत 2047 में हर नागरिक की होगी भूमिका- मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

गोपाल सिंह विद्रोही





**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**- सेवा संकल्प अभियान की पहली पहल आशीर्वाद का दिया का आज जिले में उत्साह और जनभागीदारी के साथ आयोजन हुआ। जिले में 4 लाख 11 हजार 111 आशीर्वाद का दिया जलाकर आभार व्यक्त किया गया। जिला मुख्यालय स्थित रंगमंच में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में शाम 7 बजे दीप प्रज्ज्वलित कर अभियान की शुरुआत की गई। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने भी आशीर्वाद का दिया जलाया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने दीप प्रज्ज्वलित कर सेवा, संकल्प और सकारात्मकता का संदेश दिया।

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आशीर्वाद का दिया के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान शुरू किया गया है। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में श्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सेवा और जनहित से जुड़े कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का यह अभियान महत्वपूर्ण है। आगामी एक माह तक जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाई जाएगी।

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। इन कार्यों और योजनाओं का लाभ समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा लिए गए विभिन्न निर्णयों और शुरू की गई योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 , नोटबंदी, तीन तलाक के विरुद्ध कानून, महिला आरक्षण से संबंधित कानून सहित विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उन्होंने कहा कि जनधन योजना के माध्यम से लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने, स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से स्वच्छता को बढ़ावा देने, आत्मनिर्भर भारत की दिशा में प्रयास, डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहन तथा आयुष्मान भारत के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया गया है।

उन्होंने कहा कि किसानों के हित में भी विभिन्न योजनाओं संचालित की जा रही है है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से अनेक परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध हुए हैं। इन योजनाओं से लोगों के जीवन में बदलाव आया है। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य केवल सरकार का लक्ष्य नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से पूरा होने वाला संकल्प है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से लोगों को विकास की इस यात्रा से जोड़ने और जनभागीदारी को और मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

**सूरजपुर में चारों ओर जगमगा रहा आशीर्वाद का दिया-विधायक श्री भूलन सिंह मरावी-** इस अवसर पर विधायक श्री भूलन सिंह मरावी ने कहा कि आज सूरजपुर जिला आशीर्वाद का दिया की रोशनी से जगमगा रहा है। जिले के विभिन्न गांवों और क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक दीप प्रज्ज्वलित कर इस पहल में अपनी सहभागिता निभाई है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आशीर्वाद का दिया जलाकर उन्हें शुभकामनाएं दी जा रही हैं। गांव-गांव से लोगों ने इस पहल से जुड़कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई है। बड़ी संख्या में नागरिकों ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की हैं और उनके सार्वजनिक जीवन के लिए मंगलकामनाएं की है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजवाड़े, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति संत सिंह, कलेक्टर श्रीमती रेना जमील, पुलिस अधीक्षक श्री योगेश पटेल, वनमण्डलााधिकारी श्री विपुल जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री विजेंद्र सिंह पाटले व अन्य आम नागरिक उपस्थित थे।

**सेवा संकल्प अभियान में स्थानीय कला और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का-** सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, लोककला और परंपराओं की मनोहारी झलक देखने को मिली। रंगमंच पर कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप और लोकगीतों के साथ कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने सेवा संकल्प अभियान के जिला स्तरीय आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां स्थानीय कला और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश भी दिया गया।

**आशीर्वाद के दिए से रोशन हुआ घर-घर** - आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम के तहत जिले में घर-घर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। विद्यालयीन छात्र,छात्राओं, स्व-सहायता समूह की दीदियों, लाभार्थियों जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

# नगर पंचायत शिवनंदनपुर ने अंबेडकर चौक एवं बिश्रामपुर नगर पंचायत अटल चौक पर दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री मोदी जी का जन्मदिन मनाया



**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**- सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पंचायत शिवनंदनपुर द्वारा विश्रामपुर का मुख्य मार्ग सहित अंबेडकर चौक पर दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस मनाया। अंबेडकर चौक स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष सैकड़ो दीप प्रज्वलित किए गए साथ ही मगर की मुख्य मार्ग सड़क के दिन और हजारों दीप प्रज्वलित किए गए जिसमें भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गोयल एवं बाबूलाल अग्रवाल सहित नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश जायसवाल मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े सीती कांत स्वाइं, मनी बग्गा, अमर लाल साहू, सहित शिवनंदनपुर के सभी पार्षद एवं भाजपा कार्यकर्ता ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रधानमंत्री मोदी की जन्मदिन मनाया।

**नगर पंचायत बिश्रामपुर में अध्यक्ष निर्मला यादव के नेतृत्व में अटल चौक पर जलाए गए दीपक**- नगर पंचायत बिश्रामपुर में गौरीशंकर मंदिर समीप अटल परिसर बस स्टैंड एस एल आर एम सेंटर एवं कार्यालय परिसर में 11 000 दीप प्रज्वलन किया गया जिसमें सर्वाधिक गौरीशंकर मंदिर एवं छठ घाट परिसर में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अजय गोयल नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निर्मला यादव, पार्षद रविंद्र विश्वकर्मा राहुल खातिर कर, रवि शंकर बउवा,एल्डरमैन सतीश तिवारी, नंदलाल राजवाड़े, अवनीश सिंह विधायक , सहित राजेंद्र पासवान, सीएमओ वशिष्ठ कुमार ओझा ,उप अभियंता अख्तर आलम, समूह की स्वच्छता बहनों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में आशीर्वाद का दिया जला कर मिठाइयां एक दूसरे को खिलाई।

# गरियाबंद जिले में 1 क्विंटल 64.919 किलो गांजा और 50 नशीली टेबलेट का नष्टीकरण



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर के निर्देशानुसार मादक पदार्थों के नष्टीकरण की कार्रवाई के तहत 18 सितंबर 2026 को गरियाबंद जिले के विभिन्न थानों में दर्ज 12 प्रकरणों में जब्त गांजा एवं नशीली टेबलेट का विधिवत नष्टीकरण किया गया। जब्त मादक पदार्थों को नारकोटिक डिस्पोजल केन्द्र सिलतरा, रायपुर भेजकर ड्रग्स डिस्पोजल समिति के समक्ष नष्ट किया गया।

पुलिस अधीक्षक गरियाबंद वेदव्रत सिरमौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करण कुमार उइके एवं पुलिस अधीक्षक गरिमा दादर के निर्देश पर डीसीबी/डीसीआरबी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक टूकान लाल नवरत्न को नष्टीकरण की कार्रवाई के लिए नामांकित किया गया था।

ड्रग्स डिस्पोजल समिति के समक्ष गरियाबंद जिले के थाना सिटी कोतवाली गरियाबंद के 1, थाना मैनपुर के 2, थाना देवभोग के 2, थाना पाण्डुका के 1, थाना राजिम के 2 तथा थाना फिंगेश्वर के 3 प्रकरणों सहित कुल 11 प्रकरणों में जब्त 1 क्विंटल 64.919 किलोग्राम गांजा का नष्टीकरण किया गया।

इसी प्रकार थाना पाण्डुका के 1 प्रकरण में जब्त 50 नग नशीली टेबलेट को भी विधि पूर्वक कार्रवाई करते हुए पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार नारकोटिक डिस्पोजल केन्द्र सिलतरा रायपुर में नष्ट किया गया। पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई के साथ-साथ जब्त नशीले पदार्थों के नियमानुसार नष्टीकरण की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जा रही है।

# स्टील उद्योग के विस्तार के साथ इंडिया वैश्विक फेरो-अलॉय हब के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है: आईएफएपीए



**रायपुर।** भारत का विस्तार करता स्टील उद्योग घरेलू फेरो-अलॉय क्षेत्र के लिए विकास का एक नया अवसर पैदा कर रहा है और देश के लिए वैश्विक बाजारों में अपनी स्थिति मजबूत करने का अवसर प्रदान कर रहा है, यह बात इंडियन फेरो अलॉय प्रोड्यूसर्स' एसोसिएशन (आईएफएपीए) ने गोवा में आयोजित 6वें इंटरनेशनल फेरो अलॉयज कॉन्फ्रेंस (आईएफएसी 2026) में कही। आईएफएपीए द्वारा आयोजित यह सम्मेलन ÷इंडिया की स्टील वृद्धि को गति देनाः फेरो अलॉय का बढ़ता महत्व÷ थीम के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें संसाधन सुरक्षा और प्रतिस्पर्धात्मकता प्रमुख फोकस क्षेत्रों में शामिल हैं।

भारत का कच्चे स्टील का उत्पादन कैलेंडर वर्ष 2025 में लगभग 165 मिलियन टन तक पहुंच गया, जिसमें साल-दर-साल 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई, जबकि स्टील की मांग लगभग 7 प्रतिशत वार्षिक दर से बढ़ती रहने की उम्मीद है। यह वृद्धि, विशेष स्टील की बढ़ती मांग के साथ मिलकर, मैंगनीज, क्रोमियम, सिलिकॉन और अन्य मिश्रधातु इनपुट के लिए अवसर का विस्तार कर रही है। इंडिया वित्त वर्ष 31 तक लगभग 300 मिलियन टन स्टील निर्माण क्षमता का लक्ष्य भी रखता है, जिससे मैंगनीज, क्रोमियम, सिलिकॉन और अन्य मिश्रधातु इनपुट के लिए अवसर में उल्लेखनीय विस्तार होगा। भारत ने खपत के क्षेत्र में भी एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है, जहां प्रति व्यक्ति स्टील की खपत 1991 में लगभग 24 किलोग्राम से बढ़कर 2025 में लगभग 109 किलोग्राम हो गई है। इंडिया अब 100-किलोग्राम के स्तर से ऊपर है, ऐसे में खपत वृद्धि का अगला चरण स्टील की आवश्यकता और इसके परिणामस्वरूप, इसके उत्पादन के लिए आवश्यक फेरो-अलॉय की मांग में महत्वपूर्ण विस्तार कर सकता है।

# ज्ञानोदय संस्था द्वारा दिव्यांग कौशल विकाश प्रशिक्षण केंद्र का हुआ शुभारंभ

## विधायक भूलन सिंह मरावी भी हुए शरीक



**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**- सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन के द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों को सबल एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक नए कार्यक्रम दिव्यांग जनों के कौशल विकाश प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ प्रेम नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक माननीय भूलन सिंह मरावी द्वारा किया गया जैसा की सर्वविदित है कि माननीय नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान प्रारंभ किया गया है माननीय नरेंद्र मोदी जी की सेवा प्रयासों की यात्रा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर यह अभियान प्रारंभ किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय भूलन सिंह मरावी ने अपने उ?द्बोधन में कहा की विजयराज अग्रवाल द्वारा दिव्यांगजनों के लिए जो पुनीत कार्य किया जा रहा है वो अत्यंत सराहनीय है। हमारे जिले का ये एक मात्र श्रवणबाधित दिव्यांग विद्यालय है। इस वि?द्यालय में बच्चों को विशेष शिक्षा के साथ-साथ रहने व खाने पिने की व्यवस्था निशुल्क दी जा रही है, उनमे अच्छे संस्कार और अनुशासन दिया जा रहा है और सबसे मुख्य बात ये है की उनमें छिपी प्रतिभा को बहार निकलने और निखारने का कार्य विजयराज अग्रवाल के कुशल मार्ग दर्शन में किया जा रहा है। संस्था के संचालक विजय राज अग्रवाल अपने उ?द्बोधन में कहा कि आज से प्रारंभ की गई दिव्यांगजन कौशल विकाश प्रशिक्षण केंद्र सभी तरह के दिव्यांगजनों चाहे वो अस्थिबाधित हो, श्रवणबाधित हो, या दृष्टिबाधित हो, कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करके आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो जाएगा हमरे देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो परिसंकल्पना की है उसी के तहत कौशल विकाश प्रशिक्षण केंद्र दिव्यांगजर्नी को सामाजिक, आर्थिक, व्यवहारिक रूप से समर्थ और सज्म बनाने का प्रयाश करेगी। माननीय नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर संस्था सरगुजा जानोदय एसोसिएशन भी सेवा संकल्प अभियान का श्री गणेश करते हुए दिव्यांग जनों के कौशल विकाश प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया है यह केंद्र सूरजपुर जिले का प्रथम एकमात्र केंद्र है जिसमें दसवीं-बारहवीं तक की शिक्षा पूर्ण कर चुके दिव्यांग जनों को उनकी शारीरिक क्षमता के अनुरूप उनके रुचि के अनुरूप रोजगारों के अनुरूप कौशल विकाश प्रशिक्षण से जोड़ा जाएगा। संस्था सर्वप्रथम स्वर्ण बाधित विद्यालय से अपनी शिक्षा पूर्ण कर चुके बालक बालिकाओं का एक ट्रेड कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ करने जा रहा है। इसके पश्चात सभी प्रकार के दिव्यांगों के लिए उनके अनुकूल प्रशिक्षण प्रारंभ किया जावेगा आज कार्यक्रम के प्रथम चरण में माननीय नरेंद्र मोदी जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रचलन किया गया माननीय नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन को सेलिब्रेट किया गया बर्ची को इस अवसर पर फ्ल वितरित किया गया कार्यक्रम के आखिर में समस्त अतिथि गणों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया गया संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय भूलन सिंह मरावी विधायक प्रेम नगर विधानसभा क्षेत्र विश्रामपुर नगर पंचायत की अध्यक्षा श्रीमती निर्मला यादव एवं श्री संदीप अग्रवाल को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महोदय के ?द्वारा जानोदय मूक बधिर विद्यालय के प्राचार्य अनवर हुसैन को शील्ड प्रदान किया, आज जिस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है उसकी जिम्मेदारी वि?द्यालय के प्राचार्य को प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानोदय विद्यालय के प्राचार्य अनवर हुसैन द्वारा किया गया। मूकबधिर बच्चों को सांकेतिक भाषा द्वारा स्कूल की प्रधानाध्यापिका श्रीमती रीना सोनी ने कार्यक्रम में बोले जा रहे उ?द्बोधन और जो जानकारी दी जा रही है उससे अवगत कराया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव, रविंद्र विश्वकर्मा, सतीश तिवारी, एवं मंडल अध्यक्ष कैलाश सिदार उपस्तिथ थे। आभार प्रदर्शन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती दीपिका तिवारी ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### एसईसीएल प्रेजेंट्स नवा रायपुर ओपन 2026 जीतकर खलिन जोशी ने सत्र का तीसरा खिताब हासिल किया




**नया रायपुरः** खलिन जोशी ने बोगी-मुक्त तीन-अंडर 31 का स्कोर बनाकर छत्तीसगढ़ के नया रायपुर स्थित फेयरवे गोल्फएंड लेक रिजॉर्ट में एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाला पहला एसईसीएल प्रेजेंट्स नवा रायपुर ओपन 2026 एक शॉट के अंतर से जीत लिया। एक शॉट की बढ़त के साथ अंतिम राउंड में उतरे बेंगलुरु के 34 वर्षीय जोशी (29-30-33-31) ने नौ होल के अपने राउंड में तीसरे से पांचवें होल तक लगातार तीन बर्डी लगाईं। उन्होंने 13-अंडर 123 के कुल स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया। अप्रैल में आंध्र ओपन और अगस्त में जम्मू-कश्मीर ओपन जीतने वाले जोशी का यह सत्र का तीसरा और डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई पर कुल नौवाँ खिताब रहा। वर्ष 2018 में पैनासोनिक ओपन इंडिया के रूप में अपना पहला एशियन टूर खिताब जीतने वाले जोशी को 15 लाख रुपये की पुरस्कार राशि मिली। वह 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 12वें से सातवें स्थान पर पहुंच गए और उनकी सत्र की कुल कमाई बढ़कर 52,34,225 रुपये हो गई।

### वेदांता पावर के कार्यबल में 50 फीसदी इंजीनियरिंग प्रतिभाएं निभा रहीं देश के ऊर्जा विकास में महत्वपूर्ण भागीदारी

**नई दिल्लीः** इंजीनियर्स डे के मौके पर वेदांता पावर ने युवाओं के लिए अवसर पैदा करने और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के निर्माण में प्रतिभाशाली इंजीनियरों की बढ़ती अहमियत पर जोर दिया है। भारत का पावर सेक्टर विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। आज वेदांता पावर के कुल कार्यबल में करीब 50 फीसदी इंजीनियर हैं जो तकनीकी दक्षता को मजबूत करने, पावर एसेट्स के संचालन को बेहतर बनाने, नई तकनीकों को अपनाने और ऊर्जा क्षेत्र के बदलते परिदृश्य के अनुरूप कंपनी की तैयारियों को दर्शाता है। कंपनी अपने इंजीनियरिंग कार्यबल में विविधता को बढ़ावा दे रही है। इस वित्तीय वर्ष में वेदांता पावर द्वारा नियुक्त किए गए ज़्यादातर इंजीनियर महिलाएँ हैं। इंजीनियरिंग भूमिकाओं में अधिक से अधिक महिलाओं को लाना, पावर सेक्टर के भविष्य के लिए वेदांता पावर की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इंजीनियर्स डे और पावर सेक्टर के भविष्य के लिए इंजीनियरिंग प्रतिभा विकसित करने के महत्व पर बात करते हुए, वेदांता पावर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक श्री राजिंदर सिंह आहूजा ने कहा, भारत में बिजली क्षेत्र के विकास की कहानी सकारात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रही है।

### सैमसंग ने शुरू किया वन यूआई 9 का आधिकारिक रोलआउट, ज्यादा डिवाइसेस तक पहुंचेगा नया गैलेक्सी अनुभव

**गुरुग्रामः** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड ने आज वन यूआई 9 को ज्यादा गैलेक्सी डिवाइसों तक पहुंचाने का ऐलान किया। इसका रोलआउट आज से शुरू हो रहा है और सबसे पहले गैलेक्सी S26, S26+ और S26 अल्ट्रा को मिलेगा। गैलेक्सी Z फोल्ड8 अल्ट्रा, फोल्ड8 और फ्लिप8 में डेब्यू करने के बाद अब वन यूआई 9 अलग-अलग फॉर्म फैक्टर में ज्यादा आसान और सहज मोबाइल अनुभव लेकर आ रहा है।इसमें गैलेक्सी एआई भी बेहतर हुआ है, जो अब पहले से ज्यादा समृद्ध, पर्सनल और मददगार बन गया है।नए फीचर यूज़र्स को कैप्चर, पर्सनलाइज़ और मैनेज करने में मदद करेंगे वन यूआई 9 में लोगों पर फोकस बनाए रखने, हर दिन दिखने वाली जानकारी को अपने हिसाब से तय करने औरडिवाइस केयर को आसान बनाने के नए तरीके दिए गए हैं। माय फैनकैम 1 रिकॉर्ड की गई वीडियो में चुने गए व्यक्ति को अपने आप ट्रैक करता है और सीन बदलने पर भी उसे बीच में ही रखता है, फुटेज को इंटेलिजेंट तरीके से रीफ्रेम करते हुए। इस तरह यूज़र्स बिना ज्यादा एडिटिंग किए डायनामिक पलों को सोशल मीडिया के लिए तैयार कंटेंट में बदल सकते हैं। चाहे बच्चे का परफॉर्मेंस हो, डांस फ्लोर पर कोई दोस्त हो, या किसी स्पोर्टिंग इवेंट का रोमांचक पल होः यूज़र्स तुरंत उस व्यक्ति पर फोकस कर सकते हैं जिसे वे देखना चाहते हैं। नाउ ब्रीफमें आए नए जेनरेटिव 2 और एडिटेबल कार्ड यूज़र्स को यह तय करने देते हैं कि उनकी डेली समरी में क्या दिखे। यूज़र्स हेल्थ, मौसम और वीडियो जैसी कैटेगरी में कार्ड बना सकते हैं, ताकि उनकी डेली ब्रीफमें वही जानकारी दिखे जो उनके लिए सबसे ज्यादा मायने रखती है। वारंटी एंड केयर 3 डिवाइस सपोर्ट और प्रोटेक्शन को सीधे सेटिंग्स मेन्यू में ले आता है।

# संपादकीय

## दमन के तरीके का उलटा परिणाम.....

सत्ता के ऊपरी हलकों तक शायद यह संदेश पहुंचा है कि दमन के तरीके का उलटा परिणाम हो सकता है। इसलिए अब युवाओं के प्रति संवेदनशील होने का संकेत दिया जा रहा है। यह स्वागतयोग्य है। कॉकरोच आंदोलन के तहत युवाओं की लामबंदी का सत्ता प्रतिष्ठान पर कितना प्रभाव हुआ है, इसकी झलक सोमवार को सामने आई। 20 जुलाई को संसद मार्च में शामिल नौजवानों पर हुए मुकदमों को वापस लेने के मामले में केंद्र पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कॉकरोच जनता पार्टी ने पांच सितंबर को दिल्ली में फिर मार्च आयोजित करने का एलान किया है। दिल्ली पुलिस ने संकेत दिया था कि ब्रिक्स+ शिखर सम्मेलन की जारी तैयारियों के कारण इस कार्यक्रम को इजाजत देना कठिन होगा। यही दलील देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई कि शिखर सम्मेलन से एक हफ्ता पहले इस आंदोलन से कानून- व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है, अत: इस पर रोक लगाई जाए। मगर चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने अर्जी ठुकरा दी। कहा कि फिलहाल ऐसा मानने का कोई ठोस आधार नहीं है कि युवाओं के मार्च से कानून- व्यवस्था की स्थिति बिगड़ेगी। कोर्ट ने कहा कि कानून- व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है और कोर्ट भरोसा है कि सरकार कानून के दायरे में रहकर यह काम करेगी। हाल- फिलहाल में जनतांत्रिक अधिकारों के पक्ष में कोर्ट का ऐसा दो-टूक रुख कभी-कभार ही देखने को मिला है। बहरहाल, कोर्ट का यह रुख सामने आने के बाद जो हुआ, वह और भी महत्त्वपूर्ण है। दिल्ली पुलिस ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका देकर गुजारिश की कि वह अनुच्छेद 142 के तहत संविधान से मिले विशेष अधिकार का इस्तेमाल कर कॉकरोच आंदोलन के दौरान दर्ज सभी प्राथमिकियों को रद्द कर दे। कोर्ट ने इस याचिका पर सकारात्मक रुख दिखाया। यह घटनाक्रम युवाओं की उभरी शक्ति की मिसाल है। गुजरे महीनों में जिस पैमाने पर छात्र-युवा असंतोष सड़कों पर दिखा है, उसने यह भ्रम तोड़ दिया है कि सरकारी मशीनरी के अत्यधिक उपयोग से असहमति और प्रतिरोध को हमेशा के लिए दबाए रखा जा सकता है। सत्ता के ऊपरी हलकों तक संभवत: यह संदेश पहुंचा है कि दमन के तरीके का संभवत: उलटा परिणाम होगा। इसलिए अब युवाओं के प्रति संवेदनशील होने का संकेत दिया जा रहा है। यह स्वागतयोग्य है।

# हादसे रोकने में नाकाम ट्रिपल इंजन सरकार

**योगेंद्र योगी**




सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली अनधिकृत अतिक्रमण और अवैध निर्माण से प्रभावित हो रही है। अदालत ने यह भी कहा था कि कई नागरिक एजेंसियां अपनी वैधानिक जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन नहीं कर रही हैं। 14 अगस्त 2020 को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में अनधिकृत निर्माण से जुड़े पुराने आदेशों और कार्रवाई की व्यवस्था की समीक्षा की। अदालत के समक्ष सीलिंग और अन्य वैधानिक कार्रवाई का मुद्दा भी आया। साफ था कि अवैध निर्माण को लेकर कार्रवाई का तंत्र मौजूद है, लेकिन चुनौती उसके प्रभावी क्रियान्वयन की है। मई 2026 में हाई कोर्ट ने एमसीडी इंजीनियरों पर सवाल उठाए थे। सत्य निकेतन हादसे से कुछ महीने पहले 23 मई 2026 को दिल्ली हाई कोर्ट ने जोन-ओ में अनधिकृत निर्माण पर बेहद गंभीर टिप्पणी की थी दक्षिण दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में एक पुरानी 5 मंजिला पीजी इमारत ढहने से 7 छात्रों की मौत हो गई है। दिल्ली में 200 से ज्यादा ऐसे हॉस्टल और पीजी खतरनाक स्थिति में पाए गए हैं जिन पर अब प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। दिल्ली में यह हादसा उस वक्त हुआ है जब ब्रिक्स सम्मेलन की तैयारियां चल रही हैं और एक खास इलाके में बने विश्व स्तरीय भारत मंडपम को इसकी मेजबानी के लिए सजाया-संवारा जा रहा है। बीते कुछ साल में कई अंतरराष्ट्रीय आयोजन कर चुकी इसी दिल्ली में दर्जनों लोग पहले तो पानी में डूबकर, फिर बिल्डिंग में लगी आग में जलकर और अब बिल्डिंग गिर जाने के चलते कुचलकर मर गए हैं। हर बार जांच, कार्रवाई और सुधार जैसे शब्द उछले, लेकिन ये सारे शब्द अगले हादसे के शोर में दब जाने का इंतजार भर करते रह गए। जुलाई 2024 में ओल्ड राजेंद्र नगर की एक कोचिंग के बेसमेंट में पानी भरने से 3 बच्चों की मौत के बाद भाजपा ने इसके लिए उस वक्त आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली महानगर निगम और दिल्ली सरकार को दोषी ठहराया था। दो साल से ज्यादा का वक्त बीत चुका है, सत्ता बदल गई है, लेकिन लोग फिर से अप्राकृतिक मौत मरे हैं। देश की राजधानी दिल्ली में ट्रिपल इंजन की सरकार है। केंद्र में भाजपा गठबंधन, दिल्ली में भाजपा सरकार और दिल्ली महानगर निगम में भी भाजपा का बोर्ड है।

इसके बावजूद हादसे दर हादसे हो रहे हैं। भाजपा ने लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनावों और दिल्ली नगर निगम के चुनावों में दावा किया था कि ट्रिपल इंजन की सरकार होने से विकास भी तिगुनी गति से होगा। विकास तो दूर रहा, दिल्ली हादसों से ही सुरक्षित नहीं है। दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में 3 जून 2026 को एक होटल-कम-रेस्तरां के निचले फ्लोर पर आग में कुल 22 लोगों की जान गई। अगस्त 2023 में ओखला में बिल्डिंग गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई थी। सितंबर 2024 में करोल बाग में बिल्डिंग गिरने से 4 लोगों की मौत हुई, जनवरी 2025 में बिल्डिंग गिरने से 5 की मौत हुई, अप्रैल 2025 में मुस्तफाबाद में 3 बच्चों की मौत हुई, मई 2025 में पहाडग़ंज में दीवार गिरने से 3 की मौत हुई, अगस्त 2025 में घर की दीवार गिरने से जैतपुर इलाके के 6 लोग मर गए। इसी साल जुलाई 2026 में रोहिणी सेक्टर 16 में एक बिल्डिंग गिरने से 6 लोगों की और मई 2026 में साकेत में बिल्डिंग गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई थी। इसी साल जून के महीने में फायर सेफ्टी विभाग ने बताया था कि उन्हें पिछले 5 महीने में ही बिल्डिंग गिरने से जुड़े 76 घटनाओं के बारे में फोन आए थे। 2025 में 544 और 2024 में कुल 464 हादसे हुए। इन हादसों में सिर्फ 2024 और 2025 में ही 46 लोगों की मौत हो गई। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2022 में इमारत गिरने की 349 घटनाएं हुईं। इनमें 43 लोगों की मौत और 315 लोग घायल हुए। वर्ष 2023 में 371 घटनाओं में 23 लोगों की जान गई और 171 लोग घायल हुए। दिल्ली में कुल कितनी अवैध इमारतें मौजूद हैं, इसका कोई सटीक या आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। दिल्ली के एक बड़े हिस्से में अनधिकृत कॉलोनियां और झुग्गी-झोंपडिय़ां फैली हुई हैं, जिनमें बड़े पैमाने पर बिना वैध नक्शे या नियमों के उल्लंघन के, निर्माण किए गए हैं। हालांकि, नगर निगम और सरकार के हालिया आंकड़े इसकी गंभीरता को दर्शाते हैं। केवल वर्ष 2025 में ही, दिल्ली निगम ने 4766 अनधिकृत इमारतों को बुक (चिन्हित) किया था। इसके अलावा समय-समय पर सैकड़ों निर्माणों को सील और ध्वस्त किया जाता रहा है। सितंबर 2026 में दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में एक 5 मंजिला अवैध इमारत गिरने से 6 लोगों की मौत के बाद सरकार ने 4 और 5 मंजिल से ऊंची सभी अवैध इमारतों को तुरंत सील करने का सख्त आदेश दिया है। मानसून से पहले एमसीडी द्वारा कराए गए सर्वे में करीब 32.55 लाख इमारतों की जांच की जानी थी, जिसमें से 29.94 लाख से अधिक इमारतों की जांच पूरी होने पर शुरुआती तौर पर केवल 27 इमारतों को असुरक्षित घोषित किया गया था, लेकिन इस सर्वे पर अक्सर सवाल उठते रहे हैं क्योंकि अवैध रूप से बनी बहुमंजिला इमारतें इसमें पूरी तरह उजागर नहीं हो पातीं। दिल्ली में अवैध निर्माण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की निगरानी कोई नई बात नहीं है। वर्ष 2006 में अदालत की निगरानी समिति बनाई गई थी। इसके बाद कई आदेशों में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई को लेकर निर्देश दिए गए। वर्ष 2017 में निगरानी समिति की शक्तियां बहाल करने और विशेष कार्यबल गठित करने की प्रक्रिया भी आगे बढ़ी। इसके बावजूद दिल्ली में अवैध निर्माण की समस्या बनी रही। सुप्रीम कोर्ट ने 31 जुलाई 2001 के आदेश का हवाला देते हुए 2020 के फैसले में दर्ज किया था कि दिल्ली में अनधिकृत निर्माण बढऩा गंभीर और खतरनाक प्रवृत्ति है। अदालत ने कहा था कि नियमों का पालन नहीं करने वालों में कानून का भय नहीं रह गया है और इसका प्रमुख कारण कानून का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं होना है। दो दशक बाद भी यह टिप्पणी प्रासंगिक नजर आती है। 24 मई 2018 को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली अनधिकृत अतिक्रमण और अवैध निर्माण से प्रभावित हो रही है। अदालत ने यह भी कहा था कि कई नागरिक एजेंसियां अपनी वैधानिक जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन नहीं कर रही हैं। 14 अगस्त 2020 को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में अनधिकृत निर्माण से जुड़े पुराने आदेशों और कार्रवाई की व्यवस्था की समीक्षा की। अदालत के समक्ष सीलिंग और अन्य वैधानिक कार्रवाई का मुद्दा भी आया। साफ था कि अवैध निर्माण को लेकर कार्रवाई का तंत्र मौजूद है, लेकिन चुनौती उसके प्रभावी क्रियान्वयन की है। मई 2026 में हाई कोर्ट ने एमसीडी इंजीनियरों पर सवाल उठाए थे। सत्य निकेतन हादसे से कुछ महीने पहले 23 मई 2026 को दिल्ली हाई कोर्ट ने जोन-ओ में अनधिकृत निर्माण पर बेहद गंभीर टिप्पणी की थी। सत्य निकेतन हादसे के बाद पुलिस कार्रवाई और मजिस्ट्रेट जांच के साथ एमसीडी ने भी अवैध इमारतों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या हर हादसे के बाद सीलिंग और जांच शुरू करना ही पर्याप्त है। जब सुप्रीम कोर्ट वर्षों पहले अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की बात कह चुका है और दिल्ली हाई कोर्ट हाल तक एमसीडी इंजीनियरों की निगरानी में अनधिकृत निर्माण होने पर सवाल उठा रहा है, तो फिर निर्माण शुरू होने के समय ही उसे रोकने का तंत्र प्रभावी क्यों नहीं हो पाया। सत्य निकेतन हादसा इसी जवाबदेही की अगली परीक्षा है।

## आलेख

# उत्तम शौच : आत्मा की वास्तविक स्वच्छता

**डॉ. सुनील जैन 'संचय', ललितपुर**



पर्यूषण महापर्व जैन धर्म का आत्मिक महापर्व है। यह केवल पूजा, उपवास और धार्मिक अनुष्ठानों का पर्व नहीं, बल्कि आत्मा को विकारों से मुक्त कर उसके निर्मल स्वरूप की ओर लौटने की साधना है। दशलक्षण धर्म के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म की आराधना की जाती है। सामान्यत: शौच का अर्थ बाहरी स्वच्छता से लिया जाता है, किंतु जैन दर्शन में इसका वास्तविक अर्थ अंत:करण की पवित्रता है। शरीर, वस्त्र और परिवेश की स्वच्छता आवश्यक है, परंतु आत्मिक उन्नति के लिए राग, द्वेष, मोह, ईर्ष्या और लोभ जैसे आंतरिक विकारों से मुक्त होना ही उत्तम शौच है।

**संतोष है शौच धर्म की आधारभूमि :** मनुष्य की अशांति का एक बड़ा कारण उसकी निरंतर बढ़ती इच्छाएं हैं। दूसरे का धन, वैभव, यश, ज्ञान, प्रतिष्ठा अथवा सुख देखकर ईर्ष्या करना मन को मलिन करता है। उत्तम शौच हमें सिखाता है कि इस दुर्लभ मनुष्य पर्याय में जो मिला है, जितना मिला है, उसमें संतोष रखते हुए आत्मचिंतन करें।

कविवर द्यानतराय जी ने दशलक्षण धर्म की पूजा में इसी भाव को अत्यंत सुंदर ढंग से व्यक्त किया है—

धरी हिरिदे संतोष, करहु तपस्या देह सों।
शौच सदा निरदोष, धरम बड़ो संसार में।।''

अर्थात् हृदय में संतोष धारण कर शरीर से तपस्या करो। दोषरहित शौच धर्म संसार में अत्यंत श्रेष्ठ धर्म है।

लोभ मनुष्य की संतुष्टि को निरंतर छीनता रहता है। लालची व्यक्ति को कितना भी प्राप्त हो जाए, उसकी इच्छाओं का अंत नहीं होता। लोभ की इसी प्रवृत्ति से चोरी, छल-कपट, हिंसा, भ्रष्टाचार और अनेक सामाजिक विकृतियों को जन्म मिलता है। इसलिए लोभ का त्याग और संतोष का विकास उत्तम शौच धर्म की महत्वपूर्ण साधना है।

**शौच—बाहर से अधिक भीतर की स्वच्छता :** आज का युग उपभोग और भौतिक आकर्षण का युग है। मनुष्य अपने घर, वस्त्र और शरीर को स्वच्छ रखने के लिए सजग है, लेकिन मन के भीतर जमा ईर्ष्या, असंतोष और लोभ की धूल को साफ करने की ओर कम ध्यान देता है।

उत्तम शौच धर्म हमें इसी अंतर्विरोध से परिचित कराता है। वास्तविक स्वच्छता तब है, जब हमारा मन भी उतना ही निर्मल हो जितना हमारा बाहरी परिवेश। बाहरी शुचिता स्वास्थ्य और सुव्यवस्था देती है, जबकि आंतरिक शुचिता आत्मशांति और आत्मोन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है।

आज की दौड़-भाग भरी जिंदगी में मनुष्य के पास दूसरों के लिए तो दूर, स्वयं के लिए भी समय कम है। परिवार, काम, प्रतिस्पर्धा और भौतिक उपलब्धियों के बीच वह अपने भीतर झांकना भूलता जा रहा है। ऐसे समय में पर्यूषण महापर्व आत्मा के निकट लौटने का अवसर देता है। तप, स्वाध्याय, संयम और आत्मचिंतन के माध्यम से मनुष्य स्वयं से संवाद करता है।

उत्तम शौच का संदेश स्पष्ट है—दूसरों के वैभव को देखकर ईर्ष्या मत करो, अपनी उपलब्धियों पर अहंकार मत करो और इच्छाओं की अंधी दौड़ में अपनी आत्मिक शांति मत खोओ। संतोष रूपी जल से लोभ रूपी मल को धोकर ही अंत:करण निर्मल किया जा सकता है।

जब मन राग-द्वेष और लोभ से मुक्त होता है, तब जीवन में समता, संतोष और शांति का प्रकाश फैलता है। यही उत्तम शौच धर्म का वास्तविक प्रयोजन है।

आइए, इस पावन दिवस पर हम संकल्प लें कि बाहरी स्वच्छता के साथ अपने मन की भी सफाई करेंगे। लोभ के स्थान पर संतोष, ईर्ष्या के स्थान पर प्रसन्नता और असंतोष के स्थान पर समता को अपनाएंगे।

क्योंकि सच्चा शौच शरीर को स्वच्छ करने से नहीं,
मन को निर्मल करने से प्रारंभ होता है।
बाहरी स्वच्छता जीवन को सुंदर बनाती है,
पर अंत:करण की शुचिता जीवन को सार्थक बनाती है।

# लाड़ली बहना योजना- आर्थिक सहायता के साथ-साथ रोजगार और आत्मनिर्भरता पर भी हो सरकार का ध्यान

### प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता के साथ उद्योग, रोजगार और स्थायी विकास की आवश्यकता



मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1,500 की आर्थिक सहायता दी जा रही है। सितंबर 2026 तक इस योजना की 40 किस्तें जारी हो चुकी हैं और लगभग 1.25 करोड़ महिलाएँ इससे जुड़ी हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में इस योजना के लिए लगभग ?23,883 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इतनी बड़ी राशि के मद्देनजर इस योजना के सामाजिक एवं आर्थिक प्रभावों पर गंभीरता से विचार करना आवश्यक है।

क्या आर्थिक सहायता के साथ आत्मनिर्भरता पर भी ध्यान दिया जा रहा है?

लाड़ली बहना योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना और उन्हें सशक्त बनाना है। यह उद्देश्य महत्वपूर्ण है, लेकिन यह विचारणीय प्रश्न है कि क्या केवल प्रतिमाह राशि उपलब्ध कराने से महिलाओं का स्थायी आर्थिक सशक्तीकरण संभव है? सरकार को इस बात का भी मूल्यांकन करना चाहिए कि इस योजना से जुड़ी महिलाओं की आय में वास्तविक वृद्धि कितनी हुई है और कितनी महिलाएँ रोजगार, व्यवसाय अथवा स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बन पाई हैं। आज अनेक परिवारों में घरेलू कार्यों के लिए महिला कर्मचारियों की आवश्यकता होती है। कई बार घरेलू सहायिकाओं की उपलब्धता और पारिश्रमिक को लेकर परिवारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार, यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि महिलाओं को मिलने वाली आर्थिक सहायता का उपयोग उनके परिवार के हित में हो तथा उस राशि पर किसी अन्य व्यक्ति का अनुचित नियंत्रण न हो। महिलाओं के बैंक खातों में राशि पहुँचाना अच्छी पहल है, लेकिन उस राशि का उपयोग उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, बच्चों के भविष्य और आर्थिक स्वतंत्रता के लिए हो, यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।

क्या इतनी बड़ी राशि से स्थायी रोजगार के अवसर पैदा नहीं किए जा सकते?

सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं पर खर्च की जाने वाली राशि जनता के करों एवं राज्य के वित्तीय संसाधनों से आती है। इसलिए प्रत्येक योजना के खर्च और उसके परिणामों का समय-समय पर निष्पक्ष मूल्यांकन होना चाहिए। यदि प्रतिमाह हजारों करोड़ रुपये की राशि प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता के रूप में वितरित की जा रही है, तो सरकार को इसके साथ-साथ ऐसे विकल्पों पर भी विचार करना चाहिए, जिनसे महिलाओं एवं युवाओं के लिए स्थायी आय के साधन विकसित हो सकें।

सरकार के समक्ष कुछ महत्वपूर्ण सुझाव

महिलाओं के लिए कुटीर एवं लघु उद्योगों की स्थापना की जाए।

लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को सिलाई, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, डेयरी, पैकेजिंग एवं अन्य रोजगारपरक कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाए।

इच्छुक महिलाओं को आसान शर्तों पर ऋण, बाजार और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जाए।

गरीब एवं झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले परिवारों के लिए पक्के मकान, स्कूल, अस्पताल एवं मूलभूत सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जाए।

प्रदेश में नए उद्योग स्थापित कर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएँ।

योजनाओं के लाभार्थियों का स्वतंत्र सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण कर यह पता लगाया जाए कि योजनाओं का वास्तविक लाभ किस स्तर तक पहुँच रहा है। जनता के धन का उपयोग दूरगामी विकास के लिए भी हो यह प्रश्न किसी राजनीतिक दल या सरकार के विरोध का नहीं, बल्कि राज्य के सीमित वित्तीय संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग का है। प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता से तत्काल राहत मिल सकती है, लेकिन रोजगार, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास में निवेश से परिवारों को लंबे समय तक लाभ मिल सकता है। सरकार को ऐसी नीतियाँ बनानी चाहिए, जिनमें जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता मिलती रहे, लेकिन साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जाएँ। जनकल्याण का वास्तविक उद्देश्य केवल सहायता देना नहीं, बल्कि प्रत्येक परिवार को सम्मानजनक जीवन, स्थायी आय और बेहतर भविष्य उपलब्ध कराना होना चाहिए।

**सरकार से अपेक्षा**- मध्यप्रदेश सरकार से आग्रह है कि लाड़ली बहना योजना के वित्तीय एवं सामाजिक प्रभावों की सार्वजनिक समीक्षा कराई जाए तथा योजना के साथ महिला रोजगार, कौशल विकास और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने की ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। जनता यह जानना चाहती है कि वर्तमान योजनाओं से तत्काल राहत के साथ-साथ प्रदेश के भविष्य के लिए कितनी स्थायी आर्थिक संपत्ति और रोजगार के अवसर तैयार हो रहे हैं।

**सुभाष जैन काला**
**प्रदेश अध्यक्ष**
**जैन राजनैतिक चेतना मंच, मध्यप्रदेश**

# दीये की रोशनी से विकसित भारत के संकल्प तक

दीया भारतीय जीवन और संस्कृति में केवल प्रकाश का प्रतीक नहीं है। वह विश्वास का प्रतीक है, आशा का प्रतीक है और अंधकार के बीच उजाले की निरंतर तलाश का प्रतीक है। मिट्टी का एक छोटा-सा दीप जब किसी घर की देहरी पर जलता है, तो उसका प्रकाश सीमित होते हुए भी मन में एक बड़ा विश्वास जगाता है कि अंधकार कितना भी गहरा हो, उजाले की एक किरण उसके सामने खड़ी हो सकती है। यही भाव 17 सितंबर की शाम 7 बजे छत्तीसगढ़ के घर-घर में जलने वाले 'आशीर्वाद का दीया' को विशेष अर्थ देता है। यह केवल एक दीप प्रज्ज्वलन नहीं, बल्कि विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के सामूहिक संकल्प का प्रतीक बनने जा रहा है। 17 सितंबर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस का अवसर है। बीते वर्षों में इस दिन को सेवा, जनभागीदारी और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के संकल्प से जोड़ने की परंपरा मजबूत हुई है। इस बार 'आशीर्वाद का दीया' उसी भाव को एक नई अभिव्यक्ति देता है। यह दीपक उन करोड़ों भारतीयों की आकांक्षाओं का प्रतीक है, जो वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में देखना चाहते हैं। यह उस छत्तीसगढ़ की कल्पना का भी प्रतीक है, जो अपनी प्राकृतिक संपदा, श्रमशक्ति, संस्कृति और प्रतिभा के बल पर विकसित भारत की यात्रा में अपनी विशिष्ट भूमिका निभाए। विकास की चर्चा अक्सर बड़े आंकड़ों, बड़ी परियोजनाओं और बड़े निवेश के संदर्भ में होती है, लेकिन विकास का सबसे मानवीय चेहरा उस समय दिखाई देता है, जब किसी गरीब परिवार को अपना पक्का घर मिलता है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने लाखों परिवारों के जीवन में इसी बदलाव को संभव बनाया है। एक पक्का घर केवल ईंट, सीमेंट और छत का निर्माण नहीं होता। वह परिवार की सुरक्षा, सम्मान और भविष्य की स्थिरता का आधार बनता है। किसी मां के लिए वह बारिश में बच्चों को सुरक्षित रखने का भरोसा है, किसी पिता के लिए वर्षों की चिंता से मुक्ति है और किसी बच्चे के लिए पढ़ाई तथा सपनों के लिए अपना एक सुरक्षित संसार है। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से आवास निर्माण की गति ने ग्रामीण विकास को एक नई दिशा दी है। इसी तरह उज्ज्वला योजना की एक रसोई में पहुंची गैस की लौ, जल जीवन मिशन के माध्यम से घर तक पहुंचा नल का पानी, आयुष्मान भारत के जरिए मिला स्वास्थ्य सुरक्षा कवच और जनधन योजना से बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ा परिवार, ये सब विकास के अलग-अलग चेहरे हैं। इनके बीच एक साझा सूत्र है और वह है सामान्य नागरिक के जीवन को आसान, सुरक्षित और सम्मानजनक बनाना। सरकारी योजनाओं की सफलता केवल इस बात से नहीं मापी जा सकती कि कितने लाभार्थियों को लाभ मिला, बल्कि इस बात से भी मापी जानी चाहिए कि उस लाभ ने उनके जीवन में कितना भरोसा पैदा किया। विकसित भारत की यात्रा में महिला शक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। छत्तीसगढ़ की 'बिहान' जैसी पहल ने ग्रामीण महिलाओं को केवल बचत समूहों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें आर्थिक गतिविधियों, उद्यमिता और बाजार से जोड़ने का रास्ता खोला है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आज कृषि, पशुपालन, प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद और विभिन्न स्थानीय व्यवसायों के माध्यम से अपनी आय बढ़ा रही हैं। 'लखपति दीदी' की अवधारणा इसी परिवर्तन को एक व्यापक लक्ष्य देती है। जब एक महिला आर्थिक रूप से मजबूत होती है तो उसका प्रभाव केवल उसके व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं रहता। उसका परिवार मजबूत होता है, बच्चों की शिक्षा बेहतर होती है और पूरे गांव की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा आती है। किसान के जीवन में समृद्धि विकसित छत्तीसगढ़ की बुनियादी शर्त है। छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी कृषि, किसान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और राज्य की कृषक उन्नति योजना जैसी पहलों ने किसान को आर्थिक सहारा देने के साथ कृषि को अधिक लाभकारी बनाने की दिशा में आधार तैयार किया है। अब कृषि को केवल उत्पादन की प्रक्रिया मानने के बजाय उसे मूल्यवर्धन से जोड़ने की आवश्यकता है। खेत से निकलने वाली उपज यदि स्थानीय स्तर पर प्रसंस्कृत हो, उसकी पैकेजिंग और ब्रांडिंग हो तथा उसे बेहतर बाजार मिले, तो किसान की आय और ग्रामीण रोजगार दोनों बढ़ सकते हैं। एकीकृत कृषि, किसान उत्पादक संगठन और स्थानीय प्रसंस्करण इकाइयां इसी दिशा में महत्वपूर्ण कड़ियां बन सकती हैं। गांवों का विकास सड़क, पानी, बिजली और डिजिटल कनेक्टिविटी से जुड़ा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने दूरस्थ गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान जैसे प्रयासों का महत्व उन क्षेत्रों में और बढ़ जाता है, जहां भौगोलिक परिस्थितियों के कारण मूलभूत सुविधाओं की पहुंच स्वयं एक चुनौती रही है। सड़क किसी गांव तक केवल वाहन नहीं पहुंचाती, वह बाजार, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अवसर भी पहुंचाती है। इसलिए ग्रामीण अधोसंरचना का निर्माण वास्तव में सामाजिक और आर्थिक अवसरों का विस्तार है। छत्तीसगढ़ का विकास तब पूर्ण माना जाएगा, जब बस्तर से सरगुजा तक और मैदानी क्षेत्रों से लेकर वनांचलों तक विकास के अवसर समान रूप से पहुंचें। आदिवासी क्षेत्रों की अपनी संस्कृति, कला, परंपरा, वन संपदा और जीवन पद्धति है। इनकी विशिष्टता को संरक्षित रखते हुए स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना विकास का महत्वपूर्ण आयाम है। बस्तर के हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ना, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर तैयार करना तथा पर्यटन की संभावनाओं को ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ना ऐसे प्रयास हैं, जिनसे विकास और विरासत एक-दूसरे के पूरक बन सकते हैं। इसी व्यापक सोच को दीर्घकालिक दिशा देता है 'छत्तीसगढ़ अंजोर विजनञ्च2047'। 'अंजोर' यानी उजाला। यह नाम अपने भीतर एक बड़ी कल्पना समेटे हुए है, ऐसा छत्तीसगढ़ जो आर्थिक रूप से सशक्त हो, सामाजिक रूप से समावेशी हो, तकनीकी रूप से सक्षम हो और अपनी प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक पहचान को साथ लेकर आगे बढ़े। कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, पर्यटन, कौशल, सूचना प्रौद्योगिकी, नवाचार और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों को एक साथ जोड़कर भविष्य की विकास यात्रा का रोडमैप तैयार करना इसी सोच का हिस्सा है।

# छल-कपट को छोड़कर विचार, वाणी व कर्म में एकरूपता लाएं : निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी

**कुण्डलपुर ( विश्व परिवार )।** दशलक्षण महापर्व के तीसरे दिवस उत्तम आर्जव धर्म की आराधना के अवसर पर निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने कहा कि धर्म की पाठशाला में हम केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि जीवन जीने का पाठ पढ़ रहे हैं। पहले दिन उत्तम क्षमा ने क्रोध के अवसर पर भी शांत रहने की शिक्षा दी, दूसरे दिन उत्तम मार्दव ने गुण आने पर विनम्र बनने का संदेश दिया और तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म हमें सहज, सरल और निष्कपट जीवन जीने की प्रेरणा देता है। आर्जव का वास्तविक अर्थ है—विचार, वाणी और कर्म में एकरूपता।



मुनिश्री ने कहा कि क्षमा और मृदुता भी तभी धर्म बनती हैं, जब उनके पीछे सरल भाव हों। कोई व्यक्ति मजबूरी में क्षमा कर सकता है या किसी को धोखा देने के लिए मीठी वाणी और विनम्र व्यवहार अपना सकता है, लेकिन ऐसी कृत्रिमता धर्म नहीं है। जब मन में कुछ, वाणी में कुछ और व्यवहार में कुछ और हो, तो वहां आर्जव नहीं, कुटिलता है। शांति, समता और सद्भावना के साथ मन, वचन और कर्म एक दिशा में चलें, तभी सरलता धर्म का स्वरूप लेती है।

सांप के उदाहरण से उन्होंने आर्जव की व्याख्या करते हुए कहा कि संसार में सांप टेढ़ा-मेढ़ा चलता है, लेकिन जब अपने बिल में प्रवेश करता है तो एकदम सीधा हो जाता है। इसी प्रकार मनुष्य संसार में अनेक मुखौटे लगाकर चलता है।अलग-अलग परिस्थितियों में उसके अलग चेहरे दिखाई देते हैं,लेकिन जब उसे अपने आत्मा के घर में प्रवेश करना हो तो बाहर के सभी मुखौटे बाहर उतारने पड़ेंगे। आत्मा तक पहुंचने का मार्ग सीधा है, वहां छल-कपट के लिए कोई स्थान नहीं।

मुनिश्री ने कार्तिकेयानुप्रेक्षा ग्रंथ का आर्जव धर्म के प्रतिपादन का उल्लेख करते हुए कहा कि जो कुटिल चिंतन नहीं करता, कुटिल वचन नहीं बोलता, कुटिल आचरण नहीं करता और दूसरों के दोषों में उलझने के बजाय अपने दोषों के शुद्धीकरण का प्रयास करता है, वही आर्जव धर्म का पालन करता है। उन्होंने कहा कि धर्म को केवल शास्त्रों में खोजने की आवश्यकता नहीं है। जिस व्यवहारिक जीवन में हम प्रतिदिन छल, कपट, स्वार्थ और माया से सामना करते हैं, वहीं अपने परिणामों में धर्म पैदा करना है।

उन्होंने मकड़ी के जाल का उदाहरण देते हुए कहा कि मकड़ी सुरक्षा के लिए जाल बुनती है, लेकिन अंततः उसी जाल में उलझ जाती है। मनुष्य भी दूसरों को छलकर तत्काल लाभ प्राप्त कर सकता है, सामने वाला परेशान हो सकता है और स्वयं खुश हो सकता है, लेकिन उस छल का कर्मबंध उसके साथ ही रहता है। इसलिए जीवन में संकल्प होना चाहिए कि हमारी वजह से किसी को धोखा या कष्ट न पहुंचे। धोखा देना भी नहीं है, धोखा खाना भी नहीं है और धोखेबाजों से सावधान भी रहना है।मुनिश्री ने शिविरार्थियों को आर्जव का व्यवहारिक पाठ पढ़ाते हुए कहा कि किसी व्यवस्था में कोई कमी दिखाई दे तो कार्यकर्ताओं को कोसना उचित नहीं। कमरे की सफाई समय पर न हो, कोई व्यवस्था पूरी न हो पाए या कार्यकर्ता उपलब्ध न हो तो नाराज होने के बजाय स्वयं कुछ समय लगाकर व्यवस्था संभालनी चाहिए। इससे शिविरार्थी केवल व्यवस्था का लाभ लेने वाला नहीं, बल्कि व्यवस्था में सहयोग करने वाला कार्यकर्ता भी बनता है।

# बनोरा अघोर गुरु पीठ पहुंचे मुख्यमंत्री साय

- अघोरेश्वर भगवान राम जी के चरणों में अर्पित की श्रद्धा, प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए की प्रार्थना



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम जी के अवतरण दिवस के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज रायगढ़ जिले के ग्राम बनोरा स्थित अघोर गुरु पीठ पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री साय ने उपासना स्थल पर अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम जी की प्रतिमा के दर्शन कर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी से भेंट कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन भी प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आश्रम परिसर में श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने आश्रम की परंपरा के अनुरूप सादगी के साथ पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान आश्रम का सहज, सेवाभावी और आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला।

मुख्यमंत्री श्री साय इसके पश्चात अघोरेश्वर भगवान राम विद्या मंदिर के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने नवीन विद्यालय भवन का लोकार्पण कर विद्यालय परिवार, विद्यार्थियों, शिक्षकों और क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने विद्यालय परिसर का अवलोकन किया और विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी भी देखी। बच्चों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल और नवाचारों में उन्होंने विशेष रुचि दिखाई तथा विद्यार्थियों की जिज्ञासा, वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता की सराहना कर उनका उत्साहवर्धन किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अघोरेश्वर भगवान राम जी का संपूर्ण जीवन मानवता की सेवा, करुणा और सामाजिक समरसता को समर्पित रहा। उन्होंने आध्यात्मिक साधना को मानव सेवा से जोड़कर समाज के सामने ऐसा मार्ग प्रस्तुत किया, जिसमें जरूरतमंद और पीड़ित मनुष्य की सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया गया। बनोरा अघोर गुरु पीठ इसी सेवा परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बनोरा आश्रम ने आध्यात्मिक चेतना के साथ-साथ मानव सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविरों के आयोजन से लेकर जरूरतमंदों की सहायता और दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने तक आश्रम की अनेक सेवा गतिविधियों ने लोगों के जीवन को संबल दिया है।

# दशलक्षण पर्व के तीसरे दिन मायाचारी छोड़कर उत्तम आर्जव धर्म को किया अंगीकार

- फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने जैन सम्राटों के गौरवमयी इतिहास को किया याद।

**तालबेहट ( ललितपुर ) ( विश्व परिवार )।** सिद्ध क्षेत्र पावागिरि सहित कसबे के दोनों जैन मंदिरों में दशलक्षण महापर्व में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। कसबे के पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में पं. संतोष कुमार जैन शास्त्री अमृत एवं वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर में बाल ब्रह्मचारिणी मानी दीदी झाँसी के निर्देशन में अभिषेक-शांतिधारा की क्रियाएँ संपन्न की गयी। मंदिर समिति ने आचार्य श्री का चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। संतोष शास्त्री ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा पर्यूषण पर्व का तीसरा दिन उत्तम आर्जव का होता है, जो हमें छल-कपट को छोड़कर मायाचारी से दूर रहने के लिए प्रेरित करता है। यह हृदय में ऋजुता को स्थापित करता है एवं स्वयं को मायाजाल में फँसने से बचाता है।



वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित भक्तामर एवं दशलक्षण महामंडल विधान में राकेश सतभैया, विकास भंडारी, अजित विरधा, पंकज भंडारी, सुनील करैरा, अशोक कुमार, प्रवीन भंडारी, हितेंद्र पवैया आदि ने प्रमुख भूमिका निभाई। दोपहर की बेला में तत्वार्थ सूत्र का स्वाध्याय किया। मानी दीदी ने भगवान महावीर स्वामी के केवल्यज्ञान का प्रसंग सुनाते हुए कहा अहंकार के उदय में मार्दव धर्म नहीं आ सकता, मोक्ष नहीं हो सकता। हमें जीवन में अभिमान और स्वाभिमान के अंतर को समझना है, मान के रहते कभी सत्य का भान नहीं हो सकता, दम्भ सरलता को मार देता है।

# 'धर्मातयन' श्री जिनमंदिर में कल मनाया जाएगा श्री पुष्पदंत भगवान का मोक्ष कल्याणक

**जबलपुर ( विश्व परिवार )।** दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन 19 सितंबर को महाष्टमी के अवसर पर श्री महावीर स्वामी मार्ग स्थित 'धर्मातयन' श्री जिनमंदिर में उत्तम शौच धर्म एवं श्री पुष्पदंत भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। श्री वीतराग विज्ञान मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन के तत्वावधान में होने वाले आयोजन में प्रतिदिन प्रातः एवं रात्रि 7.30 बजे से विभिन्न धार्मिक व् सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दशलक्षण महापर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म के अवसर पर धर्मातयन श्री जिनमंदिर के प्रथम एवं द्वितीय तल पर विराजमान श्रीजी का जलाभिषेक महोत्सव भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। इसके पश्चात महिला-पुरुष, युवक-युवतियों एवं बच्चों ने सामूहिक पूजन में भाग लेकर आराधना की।



मुंबई से विशेष रूप से आमंत्रित विद्वान पंडित विपिन शास्त्री जी ने शास्त्र स्वाध्याय के दौरान उत्तम आर्जव धर्म की व्याख्या करते हुए मन, वचन एवं शरीर में सरलता और निष्कपटता अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने धर्म के माध्यम से आत्मशुद्धि और जीवन में सद्गुणों को अपनाने की प्रेरणा दी। महापर्व के दौरान प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से तत्वार्थ सूत्र की कक्षा भी आयोजित की जा रही है, जिसमें श्रद्धालु धर्मग्रंथों एवं जैन दर्शन का अध्ययन कर रहे हैं।

आयोजन की जानकारी जैन युवा फेडरेशन के अध्यक्ष अभिषेक जैन, सचिव संदीप जैन, धर्मप्रचारक नितिन जैन, निशांत जैन, विशाल जैन एवं अखिलेश जैन ने संयुक्त रूप से दी। कल 19 सित को उत्तम शौच पर्व है।

उत्तम शौच धर्म के माध्यम से लोभ का त्याग कर आंतरिक एवं बाह्य पवित्रता बनाए रखने का संदेश वीतरागी भगवान द्वारा दिया गया है ।

श्री वीतराग विज्ञान मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन ने सभी जैन धर्मावलंबियों से आयोजन में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

# भाद्रपद मास में श्री महालक्ष्मी पूजन श्रद्धापूर्वक संपन्न

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भाद्रपद मास के पावन अवसर पर श्री महालक्ष्मी/ज्येष्ठा गौरी पूजन पारंपरिक विधि-विधान एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री महालक्ष्मी का आवाहन कर विधिवत पूजा-अर्चना, आरती एवं नैवेद्य अर्पित किया गया। परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि, आरोग्य, शांति और मंगलकामना के लिए विशेष प्रार्थना की गई। पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। यह आयोजन महाराष्ट्र की समृद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है।



श्री महालक्ष्मी पूजन

भाद्रपद मास में महाराष्ट्र की पारंपरिक संस्कृति के अनुसार श्री महालक्ष्मी/ज्येष्ठा गौरी पूजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव से मनाया जाता है। इस अवसर पर घरों में श्री महालक्ष्मी का विधिवत आवाहन एवं पूजन कर उन्हें वस्त्र, आभूषण, पुष्प एवं नैवेद्य अर्पित किया जाता है। परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य, सौभाग्य एवं मंगलकामना के लिए विशेष प्रार्थना की जाती है। पूजा के अवसर पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाता है। यह पर्व महाराष्ट्र की समृद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# पर्वों के पर्वराज का तीसरा चरण : उत्तम आर्जव

- माया, छल-कपट और कुटिलता से मुक्त होकर धर्म साधना करने का संदेश

**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** पर्युषण महापर्व के पावन अवसर पर पुष्पगिरी तीर्थ में धर्म, आत्मचिंतन और साधना का वातावरण बना हुआ है। पुष्पगिरी तीर्थ प्रणेता गणाचार्य श्री पुष्पदंत सागरजी महाराज के सानिध्य में व्रत चक्रवर्ती पट्ट विभूषण अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागरजी महाराज एवं उपाध्याय श्री पियूष सागरजी महाराज ससंघ वर्षायोग के लिए विराजमान हैं। उनके सानिध्य में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



पर्युषण महापर्व के तीसरे चरण 'उत्तम आर्जव धर्म' के अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज ने कहा कि उत्तम आर्जव धर्म का मूल संदेश है—माया, छल और कपट से मुक्त होकर सरल एवं निष्कपट जीवन जीना। जिस जीवन में कुटिलता और छल-कपट का भाव रहता है, वहां वास्तविक धर्म की स्थापना नहीं हो सकती।

आचार्यश्री ने कहा कि मनुष्य को अपने व्यवहार में एकरूपता लानी चाहिए। कथनी और करनी में अंतर नहीं होना चाहिए। अवसर के अनुसार अपना रूप और व्यवहार बदलना आर्जव धर्म के विपरीत है। उन्होंने ऐसे आचरण को उदाहरणों के माध्यम से समझाते हुए कहा कि कुछ लोग परिस्थितियों के अनुसार अपना पक्ष बदलते रहते हैं। उनके व्यवहार में न स्थिरता होती है और न ही सरलता।

उन्होंने कहा कि पंथ और संप्रदाय धर्म का मूल स्वरूप नहीं हैं, बल्कि धर्म तक पहुंचने के बाहरी माध्यम हैं। मूल तत्व आत्मा की शुद्धता और भीतर की ज्योति है। इसलिए धर्म के नाम पर होने वाले छल-कपट, स्वार्थ और आपसी खींचतान से सावधान रहने की आवश्यकता है। आचार्यश्री ने कहा कि धर्म और धर्मगुरुओं के नाम पर किसी भी प्रकार की राजनीति या स्वार्थपूर्ण गतिविधियां धर्म की मूल भावना को कमजोर करती हैं। धर्म का उद्देश्य मनुष्य के भीतर सरलता, विनम्रता, आत्मशुद्धि और करुणा का विकास करना है।

# सेवा ही संकल्प के तहत चरौदा में चला स्वच्छता अभियान




**आरंग ( विश्व परिवार )।** शुक्रवार को डीआईजी मेडिकल एम.के. सिन्हा के दिशा-निर्देश में 'सेवा ही संकल्प' अभियान के तहत कंपोजिट हॉस्पिटल, सीआरपीएफ कैंप भिलाई के डॉक्टरों और कर्मचारियों ने चरौदा में स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा के बच्चों, शिक्षकों, पालकों और पंचायत प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस मौके पर सीआरपीएफ जवानों ने ग्राम के बस स्टैंड, मंदिर परिसर, स्कूल सहित ग्राम की सड़कों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान बच्चों और जवानों ने स्वच्छता संबंधी जागरूकता नारे भी लगाए। वहीं डॉ. इंदु वशिष्ठ ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसे हमें अपने आचरण में शामिल करना चाहिए। इस मुहिम में मुख्य रूप से डॉ. इंदु वशिष्ठ, डॉ. शालिनी,शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल, डिलेश्वर साहू, पंच प्रेमलाल साहू सहित ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# आत्म शुद्धि का पर्व-पर्यूषण पर्व की महत्ता तीर्थ से कम नहीं है: डॉ. भागचन्द्र जैन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पर्व का सम्बन्ध धर्म से होता है और धर्म के लिए मानव ही पुण्य रूपी वृक्ष है। पर्व ये नयी प्रेरणा, नयी जागृति, नयी ऊर्जा, नयी दिश मिलती है। पर्व की महत्ता तीर्थ से कम नहीं है। पर्व से आत्म परीक्षण होता है। आत्म कल्याण होता है। आत्मा की शुद्धि का साधन धर्म है - आत्म शुद्धि साधन धर्म : । जैन धर्म में पर्यूषण पर्व को पर्वराज पर्यूषण कहा जाता है। भादों के महीने में दिगम्बर और श्वेताम्बर सम्प्रदाय में पर्यूषण पर्व से भद्रता का आभास होता है। इसमें उत्तम क्षमा, सत्य, मार्दव, आर्जव, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य, ब्रह्मचर्य की साधना से आत्म शुद्धि होती है। वर्ष में तीन बार पर्यूषण पर्व आते हैं, किन्तु भाद्र शुक्ल पंचमी से अनंत चतुर्दशी तक मनाये जाने वाले पर्व की महत्ता अधिक है।



**उत्तम क्षमा** : क्षमा को बीरों का आभूषण कहा जाता है, 'क्षमा बीरस्य भूषणम्' क्षमा को सहज सुख की जननी कहा जाता है। इसलिए जाने अनजाने में हुई भूलों के लिए क्षमाप्रार्थी अवश्य बनें।

**उत्तम मार्दव** : मृदुल व्यवहार से व्यक्ति अपनी अमिट छाप छोड़ता है। 'ऐसी वाणी बोलिए मनका आपा खोय, औरन को शीतल करें आपहु शीतल होय।' इसलिए अभिमान से दूर रहकर मधुर व्यवहार करना चाहिए।

**उत्तम आर्जव** : न्याय और नीति पर चलकर कीर्ति-यश फैलाने में भागीदार बने। परोपकारी बनिए।

**उत्तम सत्य** : सांच से बड़ा कोई धर्म नहीं और झूठ से बड़ा पाप नही, इसलिए मन, वचन और कर्म द्वारा सत्य का पालन करना चाहिए।

**उत्त्म शौच** : परिणामों की पवित्रता का उत्तम शौच कहा जाता है, इसलिए लाभ नहीं करना चाहिए तथा भावनाओं को निर्मल बनाना चाहिए।

**उत्तम संयम** : मन, वचन और कर्म से किसी जीव को संताप न पहुचाना ही सच्ची अहिंसा है। अहिंसा का यह उत्कर्ष जैन परम्परा की विशिष्ट देन है। अहिंसा के पुजारी बनिए। हिंसा को त्यागकर प्राणी मात्र की दया कीजिये। निज पर शासन कीजिये। संयम का पालन कीजिये।

# धर्म कार्य में अपनी शक्ति को नहीं छिपाना ही आर्जव धर्म : मुनि विशद सागर जी

- जैन मंदिरों में पर्यूषण पर्व पर पूजन अभिषेक कर आस्था जता रहे श्रद्धालु

**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** जीवन में अपेक्षा रहे और काम न हो तव मायाचारी पैदा होती है माया इसलिए होती है कि अपेक्षा पूरी हो। जब व्यक्ति योग्यता से रहित होता है तव जुगाड लगानी पडती है। धर्म कार्यों में अपनी शक्ति को न तो छिपाना और न ही पाप कार्यों में लगना तभी आपकी जिन्दगी में आर्जव धर्म आएगा। उक्त विचार जैन पार्श्वनाथ जैन अटा मंदिर में पर्यूषण पर्व पर आर्जव धर्म का विवेचन करते हुए आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि श्री विशद सागर महाराज ने व्यक्त किए। कपट मिटाये दुर्गति त्याग सुगति उपजावे की सूक्ति को बताते हुए उन्होने कहा भगवान की भक्ति में कभी अपनी शक्ति नहीं छिपाना चाहिए। यदि पाप से डरे और पुण्य कार्यों में अग्रणी हो तो यकीनन संसार में आर्जव धर्म का विस्तार दिखाई देने लगेगा और संसार के समस्त जीव सुखी हो जाएगे। हम जैसा है वैसा नजर आए तव मायाचारी नहीं होती हमें नायाचारी से बचना चाहिए।



धर्मसभा का शुभारम्भ आचार्य श्री के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्जवलन श्रेष्ठीजनों एवं मंगलाचरण उमा जैन सैदपुर द्वारा किया गया। धर्मसभा में ने तत्वार्थ सूत्र का वाचन सुरभि जैन, आर्ची जेन, आशी जैन, शचि जेन द्वारा किया जबकि अर्थ समर्पण का पुर्याजन कमला वाई राजेन्द्र कुमार प्रकाश चंद अनमोल टेडर्स द्वारा किया गया गया। धर्मसमा का संचालन प्रबंधक मनोज जैन बबीना द्वारा किया गया।

प्रात:काल वाहुवलि भगवान की वेदिका पर प्रभु अभिषेक के उपरान्त मुनि शिव सागर महाराज द्वारा शान्तिधारा का पुर्थ्यांजन किया गया इस दौरान उन्होने धर्मसमा में आवकों को आर्जव धर्म की महत्ता बताते हुए व्यवहारिक रूप से से जीवन में धारण करने के लिए प्रेरित किया। मध्यान्ह में मुनि श्री विशद सागर महाराज ने तत्वार्थ सूत्र को अपने चिन्तन द्वारा समझाया। नगर के जैन अतिशय क्षेत्र अभिनंदनोदय तीर्थ, आदिनाथ जैन बड़ा मंदिर, बाहुवलि नगर नईवस्ती, आदिनाथ मंदिर चन्द्रप्रभु मंदिर डोढाथाट, शान्तिनगर नगर, पार्श्वनाथ समोवश्रण मंदिर, पार्श्वनाथ कालौनी, ज्ञानोदय तीर्थ एम्बोशिया जैन मंदिरों में प्रात:काल पहुंचकर पूजन अभिषेक शान्तिधारा में सम्मलित होकर पुर्णांजन कर रहे हैं। सायंकाल आरती के उपरान्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों में धार्मिक आयोजन के साथ सामाजिक प्रेरणादायी नाटकों के माध्यम से अपूर्व धर्म प्रभावना हो रही है। आयोजन की व्यवस्थाओं को जैन पंचायत के अध्यक्ष डा0 अक्षय टडैया महामंत्री आकाश जैन संयोजक सनत जैन खजुरिया, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, प्रबंधक अजय जैन गंगचारी, मनोज जैन बबीना, मोदी पंकज जैन, अशोक जैन दैलवारा, पवन जैन डा0 डीके जैन, राजकुमार सुनील सराफ सुवेन्दु जैन जितेन्द्र जैन, विकास सौरई, अभय जैन, राजेन्द्र सराफ वीरचंद सराफ प्रमोद जैन पाय, संजय ककडारी, अमित जैन गारमेंट आदि संयोजित कर रहे हैं।

# कितने परिवार को रोजगार मिला, कांग्रेस को इसकी चिंता नहीं : नंदन जैन

- हम दीया जला रहे हैं, उनका दिल जल रहा है : नंदन जैन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीर्घायु होने की कामना व सशक्त भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान करने के लिए पूरे प्रदेश में 1 करोड़ से अधिक दीया प्रज्जवलित किया जा रहा है। प्रदेश के हर तीसरे व्यक्ति के बीच एक दीया जलाकर प्रदेशवासी प्रधानमंत्री श्री मोदी को उनके जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएँ दे रहे हैं। लेकिन व्यथित कांग्रेसी इस पर भी सियासत कर रहे हैं। आखिरकार कितने लोगों को दीया निर्माण के काम से स्वरोजगार मिला होगा, इसकी चिंता कांग्रेस को जरा भी नहीं है। दीया निर्माण से लघु उद्योग को जो लाभ हो रहा है, कांग्रेस इससे व्यथित है।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री जैन ने कहा कि हम दीया जलाकर देश की प्रगति की कामना कर रहें है जबकि इसके उलट कांग्रेसियों का केवल दिल जल रहा है। दरअसल इस अभियान से सब जुड़ रहे हैं, इसलिए कांग्रेस परेशान और भयभीत है। श्री जैन ने कहा कि दीया निर्माण के कार्य से जुड़े लोगों का कांग्रेस अपमान कर रही है। इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। विकास के जिस संकल्प के साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने में सब जुटे हैं, वह कांग्रेस को पसंद नहीं आ रहा है। इसलिए कांग्रेस इस तरह से विरोध कर रही है, जो उचित नहीं है।

## जुनिपर होटल्स ने 248 करोड़ रुपये में नोवोटेल इमेजिका के प्रस्तावित अधिग्रहण की घोषणा की

**मुंबई :** जुनिपर होटल्स ने 248 करोड़ रुपये में नोवोटेल इमेजिका के प्रस्तावित अधिग्रहण की घोषणा की है। अधिग्रहण दोनों कंपनियों के बीच तय होने वाली शर्तों और समझौते के पूरा होने पर निर्भर करेगा। महाराष्ट्र के खोपोली में लगभग 11 एकड़ में फैला नोवोटेल इमेजिका मुंबई और पुणे के आर्थिक केंद्रों के नज़दीक स्थित है, और यहाँ से हवाई अड्डा करीब दो घंटे की ड्राइव पर है। यह होटल इमेजिका थीम पार्क और वाटर पार्क से सटा हुआ है। लगभग 2,80,000 वर्ग फुट के निर्मित क्षेत्र में फैले इस होटल में 287 सुसज्जित अतिथि कक्ष हैं, जिनके साथ चुनिंदा रेस्तराँ, विविध बैंक्वेट और मीटिंग स्थल, तथा स्पा एवं मनोरंजन सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इसने लीजर और सामाजिक क्षेत्रों में एक विशिष्ट पहचान बनाई है, जो इस होटल को एक संपूर्ण पारिवारिक हॉलिडे डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करती है। यह अधिग्रहण जुनिपर के उस दीर्घकालिक उद्देश्य को आगे बढ़ाता है, जिसके तहत कंपनी भारत के सबसे आकर्षक बिज़नेस और लिजर डेस्टिनेशन में बड़े और उच्च-गुणवत्ता वाले होटलों का पोर्टफोलियो बनाना चाहती है। इस अधिग्रहण पर जुनिपर होटल्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक श्री अरुण कुमार सराफ ने कहा, जुनिपर में हमने हमेशा एक सरल सिद्धांत पर ध्यान दिया है।

# आईटीआई गरियाबंद में गूंजा जयकारा, धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा पूजा महोत्सव

### भजन, देशभक्ति गीत और लोकनृत्य ने बांधा समां, आज बाजे-गाजे के साथ निकलेगी विसर्जन यात्रा







**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** भगवान विश्वकर्मा की भक्ति, आस्था और उल्लास से आईटीआई गरियाबंद परिसर सराबोर रहा। सृष्टि के प्रथम वास्तुकार एवं सभी शिल्पियों के जनक भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर आईटीआई गरियाबंद में विश्वकर्मा पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। पूजा-अर्चना, भजन संध्या, देशभक्ति गीत, लोकनृत्य और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर में उत्सव का माहौल बना दिया।

महोत्सव में मुख्य अतिथि भावेश सिन्हा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुशीला चौधरी, स्व. भुरमुनंदन चौधरी की माता, उपस्थित रहीं। वहीं विशेष अतिथियों में धनेश्वरी पटेल, प्राचार्य आईटीआई गरियाबंद एवं भीम निषाद शामिल रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत 17 सितम्बर को सुबह 8 बजे आईटीआई गरियाबंद परिसर में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद भजन संध्या, देशभक्ति गीत, लोकनृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। आईटीआई के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे आयोजन में चार चांद लग गए।

महोत्सव के दूसरे दिन 18 सितम्बर शुक्रवार को दोपहर 2 बजे भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का बाजे-गाजे के साथ विसर्जन किया जाएगा। विसर्जन यात्रा आईटीआई गरियाबंद परिसर से प्रारंभ होकर क्षींन तालाब, गरियाबंद पहुंचेगी, जहां विधिवत प्रतिमा विसर्जन किया गया।

## 8 करोड़ की लागत से बना पर 8 लोगो को भी नही दे पा रहा रोजगार, दे रहा है सिर्फ राजनीतिक बहस, जानिए पूरा मामला

**राजेश दनानी**



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में आदिवासियों को स्थानीय स्तर पर रोजगार देने और वनोपज को नया बाजार दिलाने के सपने के साथ शुरू हुआ 'ट्राईफूड पार्क' आज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। लगभग 30 हजार आदिवासी ग्रामीणों को रोजगार और आर्थिक स्वावलंबन देने का वादा करने वाली यह महत्वाकांक्षी योजना, 5 साल बीत जाने के बाद भी केवल कागजी दावों और राजनीतिक बयानों तक ही सिमट कर रह गई है। करीब 8 करोड़ रुपये की लागत से बना यह पार्क न तो स्थानीय आदिवासियों को काम दे सका और न ही यहाँ वनोपज की एक भी प्रोसेसिंग यूनिट शुरू हो पाई। पांच साल पहले जगदलपुर के सेमरा गांव में एक भव्य समारोह के दौरान इस ट्राईफूड पार्क का लोकार्पण किया गया था। बस्तर के वनांचल क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को उम्मीद थी कि अब उनके द्वारा एकत्रित तेंदूपत्ता, महुआ, अमचूर, हर्र, बहेड़ा, इमली और सालबीज जैसी लघु वनोपजों को बिचौलियों के बजाय सीधे सही और उचित दाम पर खरीदा जाएगा। योजना यह थी कि स्थानीय स्तर पर ही प्रोसेसिंग यूनिट लगाकर वनोपज का मूल्य संवर्धन किया जाएगा, जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।

लेकिन आज की स्थिति बेहद निराशाजनक है :

0 कर्मचारियों का अभावः करोड़ों रुपये का यह विशाल परिसर महज एक माली, एक कर्मचारी और दो सुरक्षा गार्डों के भरोसे छोड़ दिया गया है।

0 ठप गतिविधियांः परिसर में न तो वनोपज की खरीदी शुरू हुई है और न ही किसी तरह का प्रसंस्करण काम हो रहा है।

0 जर्जर होता ढांचाः सही देख-रेख और रख-रखाव के अभाव में करोड़ों की लागत से बना भवन धीरे-धीरे जर्जर और बदहाल हो रहा है।

0 आदिवासियों का आरोपः योजना बनी छलावा

सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर का कहना है कि आदिवासियों के विकास और उत्थान के नाम पर बनाई गई यह परियोजना धरातल पर एक बड़ा छलावा साबित हुई है। उनका कहना है किः

आज भी बस्तर के गरीब वनोपज संग्राहक अपनी मेहनत की उपज को बिचौलियों के हाथों औने-पौने दामों में बेचने को मजबूर हैं। जिस योजना को हमारे रोजगार के लिए शुरू किया जाना था, वह करोड़ों का ढांचा आज धूल फांक रहा है।÷

**आरोप-प्रत्यारोप और राजनीतिक जवाब-** जल्द से जल्द सभी बाधाओं को दूर कर यहाँ वनोपज प्रसंस्करण का कार्य शुरू कराया जाएगा, ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सके।

ट्रायफेड द्वारा तैयार किए गए इस इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर स्थानीय जिला प्रशासन के अधिकारी फिलहाल कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। प्रशासनिक उदासीनता का सीधा असर बस्तर के गरीब वनवासियों पर पड़ रहा है। लोकार्पण के 5 साल बाद भी पार्क के ताले न खुलने से ग्रामीण निराश हैं और मजबूरीवश अपनी बहुमूल्य वनोपज को बाहरी व्यापारियों को कम कीमतों में बेचने के लिए विवश हैं।

अब देखने वाली बात यह होगी कि बयानों और आश्वासनों के बीच अटका यह ट्राईफूड पार्क कब तक सच में आदिवासियों के लिए रोजगार और उम्मीद की नई किरण बन पाता है।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत अमर वाटिका पहुंचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा



**जगदलपुर।** 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर स्थित अमर वाटिका में उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा पहुंचे। उन्होंने अमर जवान स्मारक के समीप दीप प्रज्वलित कर बस्तर को नक्सलमुक्त करने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने शहीदों के बलिदान को स्मरण करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि बस्तर की शांति और सुरक्षा के लिए वीर जवानों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया है। उनका त्याग और साहस सदैव स्मरणीय रहेगा। अमर जवान स्मारक के समीप प्रज्वलित किया गया दीप उन वीर सपूतों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक बना, जिन्होंने बस्तर की धरती पर शांति और सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित किया। इस अवसर पर महापौर श्री संजय पाण्डे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कमिश्नर श्री डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक श्री बीएन मीणा, कलेक्टर श्री आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अमर वाटिका में शहीदों की स्मृति में प्रज्वलित दीप ने सेवा संकल्प अभियान को भावनात्मक आयाम दिया। यह अवसर बस्तर की शांति और सुरक्षा के लिए बलिदान देने वाले वीर जवानों को नमन करने तथा उनके त्याग को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के संकल्प का साक्षी बना।

## सेवा संकल्प अभियान : बस्तर में 'सेवा संकल्प अभियान' का भव्य आगाज,7 लाख दीयों की रोशनी से जगमग हुआ जिला




### डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

**जगदलपुर/** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में ऐतिहासिक 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बस्तर जिले में महीने भर चलने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ। इस पावन अवसर पर समूचे जिले में सात लाख से अधिक दीप प्रज्वलित किए गए, जिसमें ऐतिहासिक मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के तहत सवा लाख और पूरे शहर में ढाई लाख से अधिक दीयों की रोशनी बिखरी। इसके साथ ही जिले के ग्रामीण इलाकों में साढ़े चार लाख दीप प्रज्वलित किए गए। दीप प्रज्वलन के साथ अभियान की शुरुआत करते हुए छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर की जनता ने यह दीप जलाकर नक्सलमुक्त बस्तर की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता और आशीर्वाद प्रकट किया है।

जनसमूह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने रेखांकित किया कि सुरक्षा बलों के अदम्य शौर्य और जनसहयोग की बदौलत नक्सलवाद का कैडर अब पूरी तरह समाप्त हो चुका है। अपने बस्तर भ्रमण का संस्मरण साझा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले पचास वर्षों से जिस बारूद की गंध में बस्तर जकड़ा हुआ था, वहां अब महुआ की महक और पारंपरिक मेलों-मड़इयों की रौनक लौट आई है, तथा ग्रामीण बेखौफ होकर अपने आराध्य देवी-देवताओं का पूजा अर्चना कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि एनआईए जांच और सरकार की ठोस नीतियों के चलते 9 नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया गया, 14 का पुनर्वास हुआ और न्यायिक इतिहास में 10 दोषियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई गई। थानों और गांवों में पुराने मामलों की विस्तृत जानकारी भी संकलित की जा रही है ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके।

उप मुख्यमंत्री ने देश में वर्ष 2014 के बाद आए नीतिगत बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज देश 'पॉलिटिक्स विद परफॉर्मेंस' के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। स्वास्थ्य क्षेत्र में आए क्रांतिकारी बदलावों के तहत देश में एमबीबीएस की सीटें 51 हजार से बढ़कर एक लाख 29 हजार से अधिक हो चुकी हैं, दंतेवाड़ा में नया मेडिकल कॉलेज खुला है और एम्स की संख्या 7 से बढ़कर 22 तक पहुंच गई है। इसके साथ ही धारा 370 की समाप्ति, सर्जिकल व एयर स्ट्राइक के जरिए राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती और अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम में महापौर श्री संजय पाण्डे और जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप ने भी बस्तर में शांति, विकास और रोजगार के नए अवसरों पर विचार रखे। इस दौरान छत्तीसगढ़ युवा आयोग अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि और कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह, आईजी श्री बीएन मीणा, कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ श्री तन्मय खन्ना सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, (भ/स) सुकमा संभाग, सुकमा**
**मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना**

2191 क्रमांक/NIT-05/2026-2027/व.ले.लि. दिनांक: 15/09/2026

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि: 28-09-2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 05-10-2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा खोलने की तिथि: 06-10-2026 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक निविदा प्रपत्र की कीमत (रु. में): T0030 T0041-750.00

एस.ओ.आर.: T0030,T0031, T0032, T0033, T0036, T0037, T0038,T0039 - Building S.O.R. ISSUED BY EINC P.W.D. RAIPUR EFFECTED FROM 10/06/2026. AND T0034 and T0040 - Road S.O.R. ISSUED BY EINC P.W.D. RAIPUR EFFECTED FROM 15/06/2026.

निविदाकारों की श्रेणी T0030, T0031, T0032, T0033, T0034, T0036, T0037, T0038, T0039, T0040 ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक AND T0035 AND T0041 मूल निर्माता या अधिकृत विक्रेता कार्य की अवधि T0030, and T0036-Period 03 (Three) Months From Reckoned Date and T0031, T0032, T0033, T0034, T0035, T0037, T0038, T0039, T0040, T0041-Period 04 (Four) Months From Reckoned Date

| एन.आईटी क्र | कार्य का नाम No0fCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) बैंक साल्वेंसी (रू में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 05 T0030 | A/R WORK OF RESIDENTIAL AND NON RESIDENTIAL BUILDINGS UNDER SUB DIVISION DORNAPAL, YEAR 2026-27 प्रथम आमंत्रण | 2.12 2120.00 31800.00 |
| 05 T0031 | FOR WHITE WASHING, COLOUR WASHING, DISTEMPERING PAINTING WORK UNDER SUB DIVISION DORNAPAL, YEAR 202627 प्रथम आमंत्रण | 6.35 4800.00 95250.00 |
| 05 T0032 | S.R. WORK OF RESIDENTIAL AND NON RESIDENTIAL BUILDINGS UNDER SUB DIVISION DORNAPAL, YEAR 2026-27 प्रथम आमंत्रण | 6.36 4800.00 95250.00 |
| 05 T0033 | M.O.W. WORK OF RESIDENTIAL AND NON RESIDENTIAL BUILDINGS UNDER SUB DIVISION DORNAPAL, YEAR 2026-27 प्रथम आमंत्रण | 4.24 3500.00 63600.00 |
| 05 T0034 | MATERIAL SUPPLY FOR ROAD MAINTANANCE UNDER P.W.D. SUB DIVISION DORNAPAL, YEAR 2026-27 प्रथम आमंत्रण | 4.24 3500.00 63600.00 |
| 05 T0035 | FOR PETTY BAZAR SUPPLY FOR P.W.D. SUB DIVISION DORNAPAL, YEAR 2026-27 प्रथम आमंत्रण | 5.00 3750.00 75000.00 |
| 05 T0036 | A/R WORK OF RESIDENTIAL AND NON RESIDENTIAL BUILDINGS UNDER SUB DIVISION KONTA, YEAR 2026-27 प्रथम आमंत्रण | 2.11 2110.00 31800.00 |
| 05 T0037 | FOR WHITE WASHING, COLOUR WASHING, DISTEMPERING PAINTING WORK UNDER SUB DIVISION KONTA, YEAR 202627 प्रथम आमंत्रण | 6.35 4800.00 95250.00 |
| 05 T0038 | S.R. WORK OF RESIDENTIAL AND NON RESIDENTIAL BUILDINGS UNDER SUB DIVISION KONTA, YEAR 2026-27 प्रथम आमंत्रण | 6.35 4800.00 95250.00 |
| 05 T0039 | M.O.W. WORK OF RESIDENTIAL AND NON RESIDENTIAL BUILDINGS UNDER SUB DIVISION KONTA, YEAR 2026-27 प्रथम आमंत्रण | 4.23 3500.00 63600.00 |
| 05 T0040 | MATERIAL SUPPLY FOR ROAD MAINTANANCE UNDER P.W.D. SUB DIVISION KONTA, YEAR 2026-27 प्रथम आमंत्रण | 4.23 3500.00 63600.00 |
| 05 T0041 | FOR PETTY BAZAR SUPPLY FOR P.W.D. SUB DIVISION KONTA, YEAR 2026-27 प्रथम आमंत्रण | 5.00 3750.00 75000.00 |

टीपः निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया, दस्तावेजों, शर्तों एवं निविदा के संबंध में विस्तुत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender में एवं संबंधित संभागीय कार्यालय में उपस्थित होकर किया जा सकता है। शर्तें:- 1. वैध पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति, 2. शपथ पत्र 3. जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, 4. पैन कार्ड, 5. आधार कार्ड, 6. वैध बैंक साल्वेंसी, 7. ठेकेदारों के द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि प्रमाण पत्र (E.P.F.) 8- टी.डी.आर./एफ.डी.आर. फोटोकापी होने की स्थिति में अनर्ह माना जावेगा एवं निविदा क्रमांक T0035 & T0041 कार्य फर्म का पंजीयन, बैंक डिटेल्स, पर्सनल डिटेल्स, जी.एस.टी., पैन कार्ड आवेदन के साथ सलंग्न किया जावे।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग
(भ/स) सुकमा सुकमा संभाग,

G- 262703324/3

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. वि/यां संभाग रायपुर छ.ग.**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

**क्रमांक-4515/NIT-15/2026-2027/ व ले लि दिनांक : 16/09/2026**

एकीकत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एन.आईटी क्र निविदा क्र. | कार्य का नाम No0fCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 15 T0096 | वि/यां उपसंभाग मंत्रालय रायपुर के पुलिस लाइन एवं टिकरापारा सेक्शन के गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य । | 4.00 | 4000.00 |
| 15 T0097 | लोनिवि (वियां) उपसंभाग विधानसभा अंतर्गत तिल्दा खरोरा, धरसींवा एवं आरंग सेक्शन के रेस्ट हाउस भवनों के विद्युत् उपकरणों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। प्रथम आमंत्रण | 8.00 | 6000.00 |
| 15 T0098 | लोनिवि (वि यां) उपसंभाग विधानसभा अंतर्गत तिल्दा खरोरा, धरसींवा एवं आरंग सेक्शन के प्रशासनिक कार्यालय भवनों में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य । प्रथम आमंत्रण | 5.00 | 5000.00 |
| 15 T0099 | लो नि वि वि यां मंत्रालय रायपुर अंतर्गत लाइवलीहुड कॉलेज जोरा में विद्युतीकरण मरम्मत का कार्य प्रथम आमंत्रण | 3.00 | 3000.00 |
| 15 T0100 | लो. नि. वि. वियां उपसंभाग मंत्रालय रायपुर अंतर्गत संयुक्त निदेशक कार्यालय पशु चिकित्सा एवं पशु स्वास्थ्य सेवाएं में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण | 3.00 | 3000.00 |
| 15 T0101 | लो. नि. वि. वियां उपसंभाग मंत्रालय रायपुर अंतर्गत रजिस्ट्री ऑफिस में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण | 3.00 | 3000.00 |
| 15 T0102 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के अंतर्गत पेंशन बाड़ा एवं बैरन बाज़ार सेक्शन के गैर आवासीय भवनों में सीलिंग फैन, एग्जॉस्ट फैन, डेजर्ट कूलर, गीजर हेतु मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। प्रथम आमंत्रण | 5.00 | 5000.00 |
| 15 T0103 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के अंतर्गत पेंशन बाड़ा एवं बैरन बाज़ार सेक्शन के आवासीय भवनों में सीलिंग फैन, एग्जॉस्ट फैन, डेजर्ट कूलर, गीजर हेतु मरम्मत एवं रखरखाव कार्य प्रथम आमंत्रण | 5.00 | 5000.00 |
| 15 T0104 | लोनिवि (वियां) उपसंभाग कर्मशाला रायपुर अंतर्गत सिरपुर भवन एवं सिविल लाइन 1 अनुभाग में स्थापित सीलिंग फैन, एग्जॉस्ट फैन डेजर्ट कूलर, गीजर आदि का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य प्रथम आमंत्रण | 3.50 | 3500.00 |
| 15 T0105 | लो. नि. वि. (वियां) उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के अंतर्गत सिरपुर भवन एवं सिविल लाइन अनुभाग में स्थापित विद्युत् कण्ट्रोल पैनल, स्विच गियर केबलिंग इत्यादि हेतु मरम्मत एवं रखरखाव कार्य प्रथम आमंत्रण | 4.50 | 4500.00 |
| 15 T0106 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग विधानसभा रायपुर अंतर्गत राज्य अतिथि गृह पहुना एवं विधायक विश्राम गृह संगवारी अनुभाग में स्थापित एयर कंडीशनर हेतु मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य प्रथम आमंत्रण | 4.78 | 4780.00 |
| 15 T0107 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग विधानसभा रायपुर के अंतर्गत नवीन विश्राम भवन सिविल लाइन रायपुर अंतर्गत स्थापित एरिया लाइटिंग, ग्लो सिग्न बोर्ड हेतु मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य प्रथम आमंत्रण | 5.70 | 5000.00 |

नोट:- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी दिनांक 29/09/2026 अपरान्ह 5:30 बजे तक निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
शर्तें- 1) उपरोक्त कार्यों के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियामानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी ।

कार्यपालन अभियंता
नि.वि. वि/यां संभाग रायपुर छ.ग.

G/ 262703363/3

# बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक दिवाकर प्रसाद सिंह के दौरे पर बलरामपुर शाखा का उद्घाटन

■ एमएसएमई उद्यमियों से भी की चर्चा



**बलरामपुर/अंबिकापुर (विश्व परिवार)।** बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक श्री दिवाकर प्रसाद सिंह के दो दिवसीय अंबिकापुर दौरे के दौरान आज बलरामपुर शाखा का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बैंक के विभिन्न उत्पादों, साइबर सुरक्षा, ग्राहक सेवा और बैंक तथा समाज के बीच बेहतर समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने बैंक और समाज के बीच समन्वय की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बैंक द्वारा लिए जा रहे निर्णयों एवं संचालित योजनाओं को समाज में प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए।

बैंक के महाप्रबंधक श्री दिवाकर प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में बैंक के विभिन्न उत्पादों एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ग्राहकों और शाखा के स्टाफ सदस्यों को संबोधित किया। इस अवसर पर बलरामपुर के अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) श्री मुकुंद करण ने भी अपने विचार रखे। वहीं, टीआईए श्री भूपेंद्र कुमार ने साइबर सुरक्षा से संबंधित प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में लगभग 70 से 80 लोग उपस्थित रहे।

## साथ ही अम्बिकापुर संभाग कर्मचारियों के साथ बैठक

महाप्रबंधक के दौरे के दौरान बैंक के स्टाफसदस्यों के साथ एक विशेष बैठक भी आयोजित की गई। इसमें बैंक में तनावमुक्त कार्य वातावरण निर्मित करने, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच मधुर संबंध स्थापित करने तथा कर्मचारियों को अपनी समस्याएं और शिकायतें सहजता से रखने का अवसर उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर आपसी संवाद, बेहतर कार्य संस्कृति और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के महत्व पर जोर दिया गया।

## पियून से शाखा प्रबंधक तक के कर्मचारियों के साथ रात्रिभोज

दौरे के दौरान एक विशेष रात्रिभोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें महाप्रबंधक श्री दिवाकर प्रसाद सिंह ने पियून से लेकर शाखा प्रबंधक तक के कर्मचारियों के साथ सहभागिता की। इस आयोजन का उद्देश्य बैंक के सभी स्तरों के कर्मचारियों के बीच आपसी सौहार्द, आत्मीयता और बेहतर संबंधों को प्रोत्साहित करना रहा।

## एमएसएमई उद्यमियों के साथ बैठक में उद्योग संबंधी मुद्दों पर चर्चा

18 सितंबर 2026 को बिलासपुर-अंबिकापुर संभाग के उद्योगपतियों के साथ एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में उद्योगों एवं एमएसएमई क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस दौरान बैंक से संबंधित नियमों, प्रक्रियाओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैंक की ओर से संबंधित नियमों एवं प्रक्रियाओं को लागू करने के संबंध में आश्वासन भी दिया गया।

बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक का यह दौरा शाखा विस्तार, ग्राहक जागरूकता, कर्मचारी संवाद तथा उद्योग जगत के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण रहा।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदम: जीके इलेक्ट्रिक ने की 25 ई-रिक्शा की आपूर्ति



**रायपुर (विश्व परिवार)।** विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक महासम्मेलन 2026 में जीके इलेक्ट्रिक को छत्तीसगढ़ श्रम विभाग की दीदी ई-रिक्शा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को ई-रिक्शा उपलब्ध कराने में 25 वाहनों के आपूर्ति साझेदार के रूप में सहभागी बनने का गौरव प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर लाभार्थियों को प्रदान किए जाने वाले ई-रिक्शा का फ्लैग ऑफ माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ श्री विष्णु देव साय जी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में माननीय श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन जी, माननीय सांसद श्री सुनील सोनी जी, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड श्री संजय श्रीवास्तव जी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

यह पहल श्रमिक परिवारों एवं पात्र लाभार्थियों को स्वरोजगार और स्थायी आजीविका के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इलेक्ट्रिक वाहनों के माध्यम से यह योजना पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देती है।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर जी के इलेक्ट्रिक के डायरेक्टर श्री पुनीत परवानी जी ने बताया की दीदी ई-रिक्शा योजना जैसे जनकल्याणकारी अभियान का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व और सम्मान की बात है। जीके इलेक्ट्रिक के लिए यह केवल ई-रिक्शा की आपूर्ति नहीं, बल्कि लोगों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके लिए आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराने में अपना योगदान देने का अवसर है।

जीके इलेक्ट्रिक भविष्य में भी स्वच्छ ऊर्जा, हरित परिवहन, महिला सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली ऐसी पहलों में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# नियमित वेतन भुगतान की मांग, कर्मचारी संघ ने कलेक्टर से की मुलाकात



**मुंगेली (विश्व परिवार)।** शुक्रवार को मुंगेली जिला के कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो जी से नवयुक्त अधिकारी / कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों द्वारा आगामी हड़ताल के संबंध में चर्चा कर संघ के 18 सूत्रीय मांगों को लेकर दिनांक 28.09.2026 को हड़ताल के संबंध में ज्ञापन सौंपने तथा दिनांक 09.10.2026 को 01 दिवस तूता रायपुर में हड़ताल के संबंध में जानकारी दिया गया एवं सौजन्य मुलाकात कर निकाय के अधिकारियों/ कर्मचारियों को नियमित वेतन भुगतान कराने हेतु अनुरोध किया गया। जिसमें संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी जी, जिला अध्यक्ष देवेन्द्र देवांगन, उप अभियंता नेमीचंद वर्मा, नगर पालिका परिषद मुंगेली के कर्मचारी कोमल भास्कर, सियाराम साहू, प्रतिमा शुक्ला, यतेन्द्र पाण्डेय तथा नगर पंचायत जरहागांव के कर्मचारी यवन कुमार जोशी एवं विकास साहू उपस्थित रहे।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने रायपुर में TDRIVE का उद्घाटन किया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (TKM) ने रायपुर में पटनी टोयोटा के साथ साझेदारी में अपनी संरचित मोटर वाहन प्रशिक्षण पहल TDRIVE का उद्घाटन किया, जो छत्तीसगढ़ में इसकी पहली बार शुरुआत है। यह पहल सड़क सुरक्षा को बढ़ाने और जिम्मेदार मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए टोयोटा की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है, जिसके तहत ड्राइवरों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस किया जाता है। उद्घाटन समारोह में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर तादाशी असाजुमा और वरिष्ठ नेतृत्व जिसमें सचिन शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट - ईस्ट रीजन, सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के साथ-साथ पटनी टोयोटा के डीलर प्रिंसिपल उमेश पटनी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./35466/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 18-09-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 35466
वार्ड का नाम-25- संत रामदास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 25 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR819A00227 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती BISHAT RAM पिता/पति, श्री/श्रीमती GOVIND के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1.अर्जुन निषाद 2. भीम निषाद 3. नरसिंग निषाद 4.छगन निषाद 5. लखन निषाद 6. हेमंत निषाद 7.लक्ष्मीनारायण निषाद 8. दिनेश निषाद पिता/पति, श्री/श्रीमती 1. स्व नत्थू निषाद 2. स्व सीता राम निषाद ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत दान पत्र / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
डॉ. तृप्ति पाणिग्रही
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-7
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./35465/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 18-09-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 35465
वार्ड का नाम-25- संत रामदास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 25 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR819A00082 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती FIRTU पिता/पति, श्री/श्रीमती GAMBIRA SINHA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती REVA RAM SINHA पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE FHIRTU RAM SINHA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
डॉ. तृप्ति पाणिग्रही
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-7
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./35464/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 18-09-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 35464
वार्ड का नाम-25- संत रामदास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 25 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR819A00083 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती FIRTU SINHA पिता/पति, श्री/श्रीमती GAMBIRA SINHA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SOHAN LAL SINHA पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE FHIRTU RAM SINHA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ SHAPATH PATRA, SAHMATI PATRA, DEATH PRAMAN PATRA / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
डॉ. तृप्ति पाणिग्रही
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-7
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**CGHIDB कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित अरपा परिसर योजना (कंचन जंगा परिसर के सामने) के अतंर्गत, दुकानों में से दुकान क्रमांक-10 में कपिल मलानी पिता स्व. चन्द्र कुमार मलानी को स्ववित्तीय / एकमुश्त आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 08.12.2011 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी के द्वारा उक्त दुकान के विक्रय हेतु दिनांक 09.09.2026 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त दुकान (1) श्री अनुप कुमार अग्रवाल, (2) श्री घनश्याम अग्रवाल दोनों के पिता श्री राम कुमार अग्रवाल के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त दुकान के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

**CGHIDB कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल उपाध्याय नगर कालोनी, डंगनिया, रायपुर में निर्मित एम.आई.जी योजना के अतंर्गत भवनों में से भवन क्र.- एल.आई. जी-I/332 सेक्टर 02 श्री बसंत कुमार साहू पिता स्व. दयालाल साहू एवं श्रीमती वीणा साहू पति श्री बसंत कुमार साहू को भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित / किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 17.02.2006 को सेलडीड निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 08.09.2026 को नोटरी द्वारा निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त भवन श्री अब्दुल शाहिद पिता श्री अब्दुल गफ्फार के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./35468/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 18-09-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 35468
वार्ड का नाम-12 - कालीमाता वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 12 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR229H00167 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SUNIL KUMAR AGRAWAL पिता/पति श्री/श्रीमती S/O LT. OM PRAKASH AGRAWAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. NEERAJ MISHRA 2. SANGEETA M RASAILY MISHRA पिता/पति श्री/श्रीमती 1. S/O VINODANI MISHRA 2. W/O NEERAJ MISHRA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./35480/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 18-09-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 35480
वार्ड का नाम- 15 कन्हैयालाल बाजारी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 15 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR108D00359 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MOHAN LAL PAGARIA पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE MOHAN LAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती PRIYA SHARMA पिता/पति, श्री/श्रीमती W/O RADHA MOHAN SHARMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अंशुल शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./35488/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 18-09-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 35488
वार्ड का नाम-04 यतीयतन लाल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 04 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR104D00659 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती KAJALI SAHU पिता/पति, श्री/श्रीमती GAJANAND SAHU के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती BEBI DEVI पिता/पति, श्री/श्रीमती W/O RAMBHAROSA YADAV ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अंशुल शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./35469/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 18-09-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 35469
वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR328C00178 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MRS. PREMLATA TIWARI पिता/पति श्री/श्रीमती W/O SHAILENDRA TIWARI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SMT. KAVITA RATHI पिता/पति श्री/श्रीमती W/O RAJKUMAR RATHI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./35317/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 16-09-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 35317
वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR652R00757 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती NITISH DHANGAR पिता/पति, श्री/श्रीमती LT. KUNJLAL DHANGAR के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती JAMUNA BAI SAHU पिता/पति, श्री/श्रीमती MALIK RAM SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./35316/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 16-09-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 35316
वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR652J00442 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ABDUL HASIF SHAIKH पिता/पति, श्री/श्रीमती ABDUL VAKIL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती TAMANNA IRFAN पिता/पति, श्री/श्रीमती IRFAN ASHRAF ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री मोनेश्वर शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./35470 / न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 18-09-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 35470
वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR331G00030 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती K.S. KESHARIYA पिता/पति श्री/श्रीमती S/O MANSUKH SINGH KESHARIYA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती सतानंद केशरिया पिता/पति श्री/श्रीमती पिता - स्व. खेलन सिंह केशरिया ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ मृत्यु के उपरांत एवं शपथ पत्र / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./26155/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 18-09-2026

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 26155
वार्ड का नाम-29- गुरू गोविन्द सिंह वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 29 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR330F00332 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MOHIT LAL KOSARIYA पिता/पति श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती TARUN KUMAR KOSARIYA AND KRISHNAKANT KOSARIYA पिता/पति श्री/श्रीमती MOHIT LAL KOSARIYA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत हक त्याग विलेख / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**(2nd Call)**

NIT NO: 915/RAIPUR — DATED: 18/09/2026
Online bids are invited for the following works of works up to 05.10.2026 at 17:30 hours.

| Sr. No | System Tender No. | Name of Work | Amount of the Estimate (In Lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 199703 | आंगनबाड़ी भवन निर्माण, श्रीराम मैदान सामुदायिक भवन के पास, मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड क्रमांक 59 भाठागांव रायपुर का कार्य। | 11.69 (Lakh) |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 18.09.2026, 17:30 Hours (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: -

1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. For More Details please download NIT details.

Hitendra

ZONE COMMISSIONER
(ZONE NO. 06)
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

**Office of the Nagar Panchayat, Chandkhuri**
E-Procurement Tender Notice (2nd Call)

SYSTEM TENDER NO: 199668 NIT NO:1235 — CHANDKHURI, Dated 18.09.2026
Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/ up to date 05.10.2026 at 17.30 Hours

| Sl. No. | Description | EM/Cost of Tender Form /Bid Submission Frees | |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Mini Garden Ward No. 10 CHANDKHURI (C.G.) | (1)<br>(2) | Rs 11.80<br>Rs. 311/- |

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in From 19.09.2026 at 17:30 Hours. (IST) onwards.
For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER NAGAR PANCHAYAT CHANDKHURI (CG)

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शनिवार 19 सितम्बर 2026



## बैठक में होटल-बार संचालकों को सख्त दिशा निर्देश

**रायपुर।** रायपुर कमिश्नरेट के डीसीपी सेंट्रल जोन तारकेश्वर पटेल ने सिविल लाइन एवं तेलीबांधा क्षेत्र के होटल और बार संचालकों की बैठक लेकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सी-4 सिविल लाइन में आयोजित बैठक में एडिशनल डीसीपी विवेक शुक्ला, एसीपी सिविल लाइन, डीएसपी रमाकांत साहू और संबंधित थाना प्रभारी मौजूद रहे। बैठक में होटल संचालकों को निर्देशित किया गया कि कमरा आवंटित करने से पहले प्रत्येक गेस्ट का वैध पहचान पत्र और मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए। रिकॉर्ड सुरक्षित रखने के साथ विदेशी मेहमानों के ठहरने की स्थिति में निर्धारित प्रारूप के अनुसार संबंधित थाने को सूचना देने के निर्देश दिए गए।

# छत्तीसगढ़ में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम की धूम

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत प्रमुख नेताओं ने प्रज्जवलित किए दीप, लाखों दीयों से जगमगाया प्रदेश





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सरकार के मुखिया के रूप में सुशासन, गरीब कल्याण व जनसेवा संकल्प के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में 'सेवा संकल्प अभियान' की शुरुआत गुरुवार को प्रधानमंत्री श्री मोदी के लिए 'आशीर्वाद का दीया' प्रज्जवलित करने के साथ हुई। छत्तीसगढ़ में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के तहत प्रदेशभर में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। राजधानी रायपुर से लेकर बस्तर, बिलासपुर और बालोद तक लाखों दीयों की रोशनी से पूरा प्रदेश जगमगा उठा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव व विजय शर्मा सहित प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, सांसद, विधायक, भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, एवं भाजपा कार्यकर्ता व आमजनों ने विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर दीप प्रज्जवलित किए और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री साय राजधानी रायपुर में आयोजित दो प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने खारून नदी स्थित ऐतिहासिक महादेव घाट और तेलीबांधा तालाब (मरीन ड्राइव) में दीप प्रज्जवलित कर 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में सहभागिता की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने देश की राजधानी नई दिल्ली में दीप प्रज्जवलित कर इस अभियान को आगे बढ़ाया। उप मुख्यमंत्री अररुण साव ने बिलासपुर के पुलिस ग्राउंड में आयोजित भव्य दीपोत्सव में शामिल हुए। यहाँ श्री साव की उपस्थिति में सवा लाख (1,25,000) दीये जलाए गए। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बस्तर के जगदलपुर के कार्यक्रम में शिरकत की। बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर में ऐतिहासिक माँ दन्तेश्वरी मंदिर के समक्ष हुए भव्य आयोजन में 1,25,000 दीये जलाकर दीपोत्सव मनाया गया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन बालोद जिले के सरयू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां भी सवा लाख दीप जलाकर पूरा परिसर रोशन किया गया। प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी रायपुर के तेलीबांधा तालाब (मरीन ड्राइव) में आयोजित दीपदान कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कंडेय एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज के नेतृत्व में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में 11,000 दीये जलाए गए। प्रदेशभर में आयोजित इस अभियान में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में आम नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लाखों दीपों की जगमगाहट के साथ यह आयोजन भक्ति, उल्लास और सामाजिक समरसता के प्रतीक के रूप में संपन्न हुआ।

### 25 वर्षों की यात्रा अन्त्योदय और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रही: मुख्यमंत्री साय

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के दीर्घायु जीवन, उत्तम स्वास्थ्य और राष्ट्र सेवा के निरंतर संकल्प की कामना करते हुए 'आशीर्वाद का दीया' प्रज्जवलित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्ष 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री पद से लेकर देश के प्रधानसेवक के रूप में प्रधानमंत्री श्री मोदी की यह 25 वर्षों की यात्रा अन्त्योदय और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रही है। श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश में नीतिगत नेतृत्व, पारदर्शिता और अंतिम छोर के व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित कर सुशासन की नई परिभाषा गढ़ी है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का यह मूलमंत्र आज नए भारत की पहचान बन चुका है। श्री साय ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे इस 'सेवा संकल्प अभियान' से जुड़ें और प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के विजन को साकार करने में अपनी सहभागिता निभाएँ।

## दीया उत्सव में दिखी जनता के धन की बर्बादी और गरीब की बेबसी: दीपक बैज



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मोदी के जन्मदिन के दिन देश की गरीबी और शासक की फिज़ूल खर्ची का एक नमूना सड़कों पर देखने को मिला। गरीब बच्चे अधजले दीये से डिब्बे में तेल एकत्रित कर रहे थे। यह बेहद मार्मिक दृश्य था। एक तरफ लोगों को तेल न खाने की अपील कर बचत का नारा देने वाले मोदी अपने जन्मदिन में लाखों लीटर तेल बर्बाद करवा दिया, दूसरी तरफ उसी दीये के बचे तेल में गरीब का बच्चा जीवन खोज रहा है। मोदी के जन्मदिन पर पूरे देश में दीया उत्सव मनाया गया, लाखों दीये मोदी के जन्मदिन पर सरकारी मशीनरी को फूंक कर जलवाया गया। छत्तीसगढ़ में 1.50 करोड़ दीये जलाने का दावा भाजपा ने किया है। इसके लिए राज्य की पूरी मशीनरी को झोक दिया गया। शासकीय कर्मचारी, शिक्षक, स्कूली बच्चे, आंगनबाड़ी की बहनें, स्वास्थ्य मितानिन बहनें, पंचायत के कर्मचारी सभी को टारगेट दिया गया। जो दीया जलाया गया उसमें जनता के धन की बर्बादी की गयी। अधिकारियों को तेल दीया, रंगोली आदि सामग्री खरीदने के लिए दबाव बनाया गया। पूरी तरह से इसे शासकीय कार्यक्रम के जैसे आयोजित किया गया जबकि कहा गया कि यह भाजपा का आयोजन है। सरकार बताए कि आयोजन पर कितना पैसा खर्च हुआ? 1.50 करोड़ दीयों की खरीद किसने की? दीयों में इस्तेमाल होने वाले तेल की व्यवस्था किसने की? बाती, परिवहन, सजावट, मंच, बिजली और अन्य व्यवस्थाओं पर कितना खर्च हुआ? इस पूरे आयोजन का कुल बजट कितना है? इसका भुगतान किस मद से किया गया? एक दीये का पूरा खर्च 10 रू. भी हुए तो 1.50 करोड़ दिये पर लगभग 15 करोड़ रू. सरकार ने फूंका, साथ ही अन्य खर्च को मिला दे तो इस इवेंट में 50 करोड़ रू. से अधिक जनता की कमाई का पैसा बर्बाद किया।

## किरंदुल परियोजना ने उत्साह से मनाई श्री विश्वकर्मा पूजा



**किरंदुल (विश्व परिवार)।** एनएमडीसी लिमिटेड की किरंदुल परियोजना के विभिन्न कार्यक्षेत्रों सिविल विभाग, विभिन्न खदानों, संयंत्रों में विधि विधान के साथ श्री श्री विश्वकर्मा पूजा मनाई गई। परियोजना प्रमुख श्री रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक ने सपत्नीक श्रीमती नमिता नारायण, अध्यक्षा, प्रेरणा महिला समिति के साथ भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद ग्रहण किया और परियोजना के उत्पादन-उत्पादकता में बढ़ोतरी, सुरक्षित कामकाज, बिना रुकावट के कार्य संचालन की प्रार्थना की और सभी कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को श्री विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक बधाई दी।

इसी प्रकार परियोजना के विभिन्न कार्यक्षेत्रों में पूजा पंडालों को विभिन्न फूलों और झालरों से सजाया कर भगवान श्री श्री विश्वकर्मा जी की मूर्ति स्थापित कर इंजीनियरिंग उपकरणों, औजारों और भारी मशीनों की पूजा कर प्रसाद वितरण किया गया।

किरंदुल परियोजना की श्री विश्वकर्मा पूजा काफी लोकप्रिय और देखने योग्य जानी जाती है। इस बार श्री विश्वकर्मा पूजा में शामिल और बैलाडीला की खूबसूरत पहाड़ियों को देखने बाहर से भारी संख्या में पर्यटक उपस्थित हुए। सभी ने खदानों और संयंत्रों का भ्रमण किया। खदानों में बड़े-बड़े डम्पर, डोजर और बड़ी - बड़ी मशीनरियों को देखकर आश्चर्य व्यक्त किए और प्राकृतिक छंटा का आनंद लिया।

परियोजना प्रबंधन अपने कर्मचारियों के लिए हर सुख-सुविधाओं और स्वास्थ्य का ख्याल रखती है। साथ ही आसपास के ग्रामीणों के विकास हेतु विभिन्न विकासात्मक कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करती है।

श्री विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, यूनियन पदाधिकारी, कर्मचारी अपने परिवार सहित उपस्थित हुए।

## भाटापारा स्टेशन पर किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान

- कुल 316 मामलों से 02,49,275 रुपए राजस्व प्राप्त हुआ



**रायपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ सुस्कर विपुल विलासराव के निर्देश पर भाटापारा रेलवे स्टेशन पर किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान दिनांक 17 सितंबर 2026 को चलाया गया। जिसमें भाटापारा स्टेशन के सभी प्लेटफार्म, 14 ट्रेनों में किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान में कुल 316 मामलों को दर्ज कर 2,49,275 रुपए राजस्व प्राप्त किया गया।

किलाबंदी टिकट चेकिंग में बिना टिकट यात्रा करने वाले 202 यात्री पकड़े गए, जिससे 1,89,800/- राजस्व प्राप्त हुआ। अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले 71 यात्रियों से 50775/- रूपये राजस्व प्राप्त हुआ, अधिक लगेज लेकर यात्रा करने वाले 41 यात्रियों से 4700/- रूपये, 02 अनाधिकृत वेंडर से 4000/- रुपए राजस्व प्राप्त हुआ। इस टिकट चेकिंग का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को टिकट लेने के प्रति जागरूक करना था।

इस टिकट चेकिंग अभियान में सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद वाणिज्य निरीक्षक -02 एवं 25 टिकट चेकिंग स्टाफ 04 आरपीएफ स्टाफ शामिल रहे।

रेल प्रशासन यात्रियों को आगाह करता है कि वे यात्रा हेतु उचित टिकट एवं रेल परिसर मे प्रवेश करने के पहले प्लेटफॉर्म टिकट अवश्य खरीदें। रेलगाड़ी एवं रेल परिसर को साफ सुथरा रखने में भी रेल प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

## एनटीपीसी नवा रायपुर में 'स्वच्छता ही सेवा' की शुरुआत



**रायपुर।** एनटीपीसी नवा रायपुर में 17 सितंबर, 2026 को 'स्वच्छता ही सेवा' शपथ के साथ पखवाड़े का शुरू हुआ, जिसमें कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। स्वच्छता ही सेवा की थीम है - स्वच्छता में सहभागी; स्वच्छ भारत, विकसित भारत। श्री हर्ष आहूजा, कार्यकारी निदेशक-यूएसएससी और श्री आलोक कुमार त्रिपाठी, कार्यकारी निदेशक (सीसी ओएस) ने क्रमश: हिंदी और अंग्रेजी में शपथ दिलाई। इस अवसर पर श्री आहूजा ने सफाई के महत्व पर ज़ोर दिया तथा सभी को अपने इलाके के लिए बदलाव का एजेंट बनने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हुए आपका योगदान सस्टेनेबल प्रकृति का हो। पखवाड़े के दौरान, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए कई जागरूकता कार्यक्रमों के अलावा सपोर्ट स्टाफके लिए कुछ कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है।

## रेलवे स्कूलों में 'स्वच्छ पाठशाला: युवा फॉर स्वच्छता' अभियान

- विद्यार्थियों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया गया जागरूक



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर रेल मंडल द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 17 एवं 18 सितम्बर 2026 को 'स्वच्छ पाठशालाङ्कयुवा फॉर स्वच्छता' कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य रेलवे कॉलोनियों में स्थित रेलवे स्कूलों एवं संस्थानों के विद्यार्थियों को स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कचरे के स्रोत पर पृथक्करण तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा।

इस अभियान के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे- मिक्सड हायर सेकेंडरी स्कूल बीएमवाय, भिलाई रेलवे स्कूल में स्वच्छता एवं जल संवाद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 तथा चार तरीके से स्रोत पृथक्करण के संबंध में जागरूकता एवं प्रदर्शन सत्र आयोजित किए गए। विद्यार्थियों को बताया गया कि कचरे को स्रोत पर ही अलग-अलग करने से उसके उचित निपटान, पुनर्चक्रण एवं पुन: उपयोग को बढ़ावा मिलता है और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में सहायता मिलती है।

### 'स्वच्छता ज्ञान यात्रा' के माध्यम से विद्यार्थियों ने देखी स्वच्छता व्यवस्था

कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 'स्वच्छता ज्ञान यात्रा' आयोजित कर उन्हें रेलवे के विभिन्न स्वच्छता एवं पर्यावरणीय परिसरों का भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों ने बायो-टॉयलेट प्लांट, जल पुनर्चक्रण का अवलोकन किया। इस दौरान उन्हें रेलवे परिसरों में अपनाई जा रही जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, पुनर्चक्रण एवं स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई।

### 'स्वच्छता एवं जल संचय संवाद' में विद्यार्थियों ने रखे विचार

रेलवे स्कूलों में 'स्वच्छता एवं जल संचय संवाद' के अंतर्गत विद्यार्थियों के साथ संवाद एवं परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें वर्षा जल संचयन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्रोत पर कचरा पृथक्करण, जल संरक्षण एवं स्वच्छता जैसे विषयों पर विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रमों में मंडल के अधिकारियों, स्कूल प्राचार्यों, स्काउट्स एवं गाइड्स तथा की सहभागिता रही।

## पार्षद देवदत्त द्विवेदी ने हनुमान मंदिर में जलाए आशीर्वाद के दीप



**रायपुर।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का कुशल नेतृत्व, संकल्प और राष्ट्रभक्ति, सदा भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले देश के प्रधान सेवक का जन्मदिन भारत ही नहीं अपित पूरे विश्व में रह रहे भारतवर्ष के नागरिक पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मना रहे हैं आज रायपुर नगर निगम के युवा लोकप्रिय पार्षद वार्ड क्रमांक 10 के जन सेवक देवदत्त द्विवेदी के द्वारा एल आई सी कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में नरेंद्र मोदी जी के सेवा के 25 साल पूर्ण करने एवं उनके जन्मदिन पर आशीर्वाद का एक दिया अपने हाथों एवं अपने समर्थकों द्वारा हजारों हजार दीपक जलाए गए एवं मोदी जी के स्वस्थ दीर्घायु जीवन की मंगल कामनाएं की गई।










## बालको मेडिकल सेंटर ने किया स्तन कैंसर की लाइव सर्जरी का आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मध्य भारत में कैंसर उपचार के प्रमुख केंद्र बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने रायपुर में चौथे वार्षिक छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव का शुभारंभ स्तन संरक्षण और स्तन पुनर्निर्माण की लाइव सर्जिकल डेमोन्स्ट्रेशन के साथ किया। इस दौरान देशभर से आए 50 से अधिक सर्जन और चिकित्सकों ने आधुनिक सर्जिकल तकनीकों को देखा और स्तन कैंसर के उपचार से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

लाइव सर्जिकल डेमोन्स्ट्रेशन का नेतृत्व मुंबई स्थित टाटा मेमोरियल अस्पताल की सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. शलाका जोशी, प्लास्टिक एवं पुनर्निर्माण सर्जन डॉ. दुष्यंत जायसवाल और कोलकाता स्थित टाटा मेडिकल सेंटर के वरिष्ठ स्तन कैंसर सर्जन डॉ. संजीत कुमार अग्रवाल ने किया।

डेमोन्स्ट्रेशन के दौरान स्तन संरक्षण सर्जरी में ट्यूम र के साथ उसके आसपास के स्वस्थ ऊतक का एक हिस्सा निकालते हुए स्तन के अधिकांश हिस्से को सुरक्षित रखने की प्रक्रिया दिखाई गई। इसमें कैंसर सर्जरी के साथ प्लास्टिक सर्जरी की तकनीकों का भी उपयोग किया गया, जिससे बचे हुए स्तन ऊतक को व्यवस्थित कर उसके आकार और स्वरूप को बनाए रखने में मदद मिलती है।

इसका का उद्देश्य आधुनिक सर्जिकल तकनीकों को साझा करने के साथ चिकित्सकों के बीच अनुभव और ज्ञान का आदान-प्रदान करना था। इस दौरान सर्जिकल योजना, उपचार के विकल्पों और मरीज-केंद्रित निर्णयों पर भी चर्चा हुई।

भारत में स्तन कैंसर के बढ़ते मामलों पर डॉ. शलाका जोशी ने कहा, स्तन कैंसर आज दुनिया और भारत में महिलाओं में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसरों में शामिल है। भारत में इस बीमारी से जूझ रही कई महिलाएँ देर से उपचार के लिए पहुँचती हैं, जिससे उपचार अधिक जटिल और परिणाम प्रभावित हो सकते हैं। बेहतर परिणामों के लिए जागरूकता, शुरुआती पहचान, सही निदान, उचित उपचार और पुनर्वास तक देखभाल की निरंतरता जरूरी है। मरीजों के आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य विशेषज्ञों की क्षमता को मजबूत करना भी महत्वपूर्ण है। बीएमसी छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव जैसे मंच चिकित्सकों को आधुनिक तकनीकों को देखने, जटिल मामलों पर चर्चा करने और अपने अनुभव साझा करने का अवसर देते हैं।

लाइव सर्जिकल डेमोन्स्ट्रेशन में स्तन पुनर्निर्माण की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। बालको मेडिकल सेंटर की कंसल्टेंट, प्लास्टिक, पुनर्निर्माण एवं एस्थेटिक सर्जन डॉ. इशिता कात्याल ने कहा, कैंसर उपचार का उद्देश्य केवल बीमारी को नियंत्रित करना नहीं, बल्कि मरीज के जीवन की गुणवत्ता को बनाए रखना भी है। स्तन पुनर्निर्माण इसी दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमारा प्रयास स्तन के प्राकृतिक स्वरूप और संतुलन को यथासंभव बनाए रखना है, ताकि मरीज आत्मविश्वास के साथ अपने जीवन में आगे बढ़ सकें।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354